


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 22 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-293 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट, 6 मजदूरों की मौत



**बलौदाबाजार,22 जनवरी।** जिले में इस्पात संयंत्र में एक बड़ा हादसा हो गया, जहां क्लिनिकल फर्नेस के दौरान जोरदार ब्लास्ट में छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद संयंत्र परिसर में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी सहित भाटापारा ग्रामीण पुलिस के साथ ही बलौदाबाजार से पुलिस बल तत्काल मौके पहुंच गए हैं. जानकारी के मुताबिक, घायलों को पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया है। इस घटना पर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा है कि इस मामले में जांच होनी चाहिए। मजदूरों की मौत कैसे हुई है, किन परिस्थितियों में हुई है, सुरक्षा के उपकारण थे या नहीं थे, सभी विषयों की जांच होनी चाहिए। कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और चार घायल हैं। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। संयंत्र प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है।

## अबूझमाड़ में धर्मांतरण के नाम पर हिंसा

### 16 लोगों को बेरहमी से पीटा, घर फूंके और गांव से खदेड़ा



**नारायणपुर,22 जनवरी।** जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र अंतर्गत ओरछा ब्लॉक के ईकनार गांव में धर्मांतरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि मतांतरित दो परिवारों के 16 सदस्यों के साथ मारपीट कर उन्हें गांव से भगा दिया गया।

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र अंतर्गत ओरछा ब्लॉक के ईकनार गांव में धर्मांतरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने मतांतरित परिवारों को निशाना बनाया। पीड़ितों के अनुसार दो परिवारों के कुल 16 सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इसके बाद उन्हें गांव से बाहर निकाल दिया गया। आरोप है कि उनके घरों को तोड़ दिया गया और राशन सामग्री व जरूरी दस्तावेजों को आग के हवाले कर दिया गया।

मारपीट में घायल परिवार के सदस्य किसी तरह जान बचाकर ओरछा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। फिलहाल सभी का इलाज जारी है। इससे पहले आमाबेड़ा गांव में भी इसी तरह की हिंसक घटना सामने आ चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया है। गांव में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। फिलहाल तनाव बरकरार है।

ईकनार गांव की यह घटना सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। समय रहते प्रशासनिक सख्ती और निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है। फिलहाल प्राथमिक जरूरत पीड़ितों की सुरक्षा और शांति बहाली की है।

## राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव इंजन का शीशा क्रैक

**दुर्ग,22 जनवरी।** जिले में एक बार फिर ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है। खुर्सीपार गेट और पावर हाउस के बीच रेलवे ट्रैक पर अज्ञात लोगों ने राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया। इस घटना में ट्रेन इंजन के सामने लगा कांच क्रैक हो गया और उसमें दरार आ गई है। गनीमत रही कि इस घटना में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट को कोई चोट नहीं आई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, पथराव की घटना के तुरंत बाद लोको पायलट ने इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ हरकत में आई और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि ट्रेन को सुरक्षित आगे के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी खुर्सीपार क्षेत्र में वंदेभारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना हो चुकी है। इस मामले में आरपीएफ ने एक अपचारी बालक को पकड़कर कार्रवाई की थी। बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं से रेलवे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल आरपीएफ और पुलिस की टीम रेलवे ट्रैक के आसपास की बस्तियों में संदिग्धों की तलाश कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर निगरानी बढ़ाने की बात कही है।






## दो ट्रकों में टक्कर, 3 की मौत

**कांकेर,22 जनवरी.** नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार तड़के करीब 3 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना कांकेर जिले के चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम रतेसरा के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद नेशनल हाईवे-30 पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम और चारामा पुलिस मौके पर पहुंची है। जेसीबी एवं अन्य मशीनों की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटाने का काम किया जा रहा है, ताकि यातायात को जल्द बहाल किया जा सके।

## रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली 23 से

**रायपुर,23 जनवरी।** रायपुर शहर में 23 जनवरीसे पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हो जाएगा। इसके साथ ही सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि रायपुर का पहला पुलिस कमिश्नर कौन होगा? इस महत्वपूर्ण पद को लेकर पुलिस मुख्यालय से लेकर मंत्रालय के गलियारों तक अटकलों और चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

पुलिस कमिश्नर के पद के लिए कुछ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम रेस में सबसे आगे हैं। इनमें संजीव शुक्ला (आईजी, बिलासपुर रेंज) का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। उनके साथ ही रामगोपाल गर्ग (आईजी, दुर्ग रेंज) के नाम पर भी गंभीर मंथन जारी है। दोनों ही अधिकारियों का फील्ड अनुभव और कानून-व्यवस्था पर पकड़ उन्हें इस पद का प्रबल दावेदार बनाती है। इसके अतिरिक्त, वरिष्ठ अधिकारी बीएन मीणा और अजय यादव के नामों की भी चर्चा है। कमिश्नर के साथ-साथ जॉइंट पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर भी सस्पेंस बरकरार है। इस पद के लिए विजय अग्रवाल और डॉ. लाल उमेद सिंह के नामों पर विचार किया जा रहा है। विजय अग्रवाल अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं, वहीं डॉ. लाल उमेद सिंह की पहचान एक अनुशासित रणनीतिकार के रूप में है।

23 जनवरी से लागू होने वाली इस नई व्यवस्था के तहत पुलिस को दंड प्रक्रिया संहिता और अन्य अधिनियमों के तहत कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्राप्त होंगी। इससे कानून-व्यवस्था से जुड़े फैसलों, धरना-प्रदर्शन की अनुमति और अपराध नियंत्रण के लिए जिला मजिस्ट्रेट पर निर्भरता कम होगी, जिससे पुलिसिंग अधिक प्रभावी और त्वरित हो सकेगी।

### आईएएस अभिषेक अग्रवाल बने जिला पंचायत कबीरधाम के सीईओ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक आधार पर आदेश जारी किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभिषेक अग्रवाल ( आर आर 2013 बैच) को अपर कलेक्टर, जिला-दुर्ग के पद से स्थानांतरित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत–कबीरधाम के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है।

## लश्कर आतंकी मोहम्मद आरिफ की फांसी पर फिर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली,22 जनवरी।** उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2000 में हुए ऐतिहासिक लाल किला हमले के दोषी और मौत की सजा पाए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की उपचारात्मक याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लिया है। बृहस्पतिवार को अदालत ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए आरिफ के पास उपलब्ध अंतिम कानूनी विकल्प पर विचार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे। न्यायालय ने इस मामले में सजा के खिलाफ आरिफ की पुनर्विचार याचिका तीन नवंबर 2022 को खारिज कर दी थी। आरिफ उर्फ अशफाक को अक्टूबर 2005 में निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2007 में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बाद आरिफ ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2011 में आरिफ को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। बृहस्पतिवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की विशेष पीठ ने वकीलों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया, जिसमें शीर्ष अदालत के उन फैसलों का हवाला दिया गया था, जिनमें अपील और पुनर्विचार याचिका को खारिज करते हुए मृत्युदंड को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, '' नोटिस जारी करें।'' उपचारात्मक याचिका वादी के पास फैसले को चुनौती देने के लिए उपलब्ध अंतिम कानूनी उपाय है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं दो बार अपील और समीक्षा याचिका को खारिज करके बरकरार रखा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 22 दिसंबर 2000 की रात को कुछ घुसपैठिए लाल किले के अंदर उस क्षेत्र में घुस गए जहां भारतीय सेना की 7 राजपूताना राइफल्स की यूनिट तैनात थी और उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे।

### किश्तवाड़ में तलाशी अभियान के बीच फिर शुरू हुई गोलीबारी

**श्रीनगर,22 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक बार फिर मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, यह मुठभेड़ चतरू सब-डिवीजन के सिंहपुरा क्षेत्र में हो रही है, जहाँ पिछले पांच दिनों से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। पिछले पांच दिनों से चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान चतरू सबडिवीजन के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों से फिर से संपर्क स्थापित हुआ। सूत्रों के अनुसार, बलों के संपर्क में आने के बाद गोलीबारी हुई, और ऑपरेशन अभी भी जारी है।

## सिख विरोधी दंगों से जुड़े दो मामलों में सज्जन कुमार बरी, पीड़ित परिवारों का गुस्सा फूटा

**नई दिल्ली,22 जनवरी।** दिल्ली की एक अदालत ने आज 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े जनकपुरी और विकासपुरी के मामलों में पूर्व कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सज्जन कुमार को बरी कर दिया। अदालत का कहना है कि अभियोजन पक्ष हिंसा में उनकी भूमिका साबित करने में नाकाम रहा। इस फैसले के साथ ही एक बार फिर वही पुराना और कड़वा सच सामने आ गया है कि 1984 के दंगों में इंसाफ आज भी फाइलों, तारीखों और तकनीकी खामियों के बीच दम तोड़ता दिख रहा है। अदालत ने कहा कि मामले में ऐसा कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया जिससे यह साबित हो सके कि सज्जन कुमार सीधे तौर पर हिंसा में शामिल थे। हम आपको बता दें कि सुनवाई के दौरान सज्जन कुमार लगातार खुद को निर्दोष बताते रहे और कहा कि उनके खिलाफ कोई ठोस गवाही नहीं है। विशेष न्यायाधीश ने संक्षिप्त आदेश सुनाते हुए उन्हें बरी कर दिया। हम आपको यह भी बता दें कि सज्जन कुमार फिलहाल जेल में बंद हैं और उन्हें पिछले वर्ष फरवरी में सरस्वती विहार इलाके में 1984 के दंगों के दौरान दो लोगों की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। आज जिन मामलों में फैसला सुनाया गया उसमें जनकपुरी मामले की बात करें तो आपको बता दें कि नवंबर 1984 को सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या हुई थी। वहीं विकासपुरी में गुरचरण सिंह को जिंदा जलाए जाने का आरोप था। इन्हीं घटनाओं के आधार पर वर्ष 2015 में विशेष जांच दल ने दो प्राथमिकी दर्ज की थीं। लेकिन लंबी कानूनी प्रक्रिया, कमजोर जांच और गवाहों की याददाश्त पर टिके मामलों ने आखिरकार अभियोजन की कमर तोड़ दी। यहां विडंबना साफ दिखाई देती है। एक तरफ वही सज्जन कुमार अन्य मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं, दिल्ली उच्च न्यायालय उन्हें



पांच लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार मान चुका है और आजीवन कारावास की सजा भी दे चुका है। दूसरी तरफ इन्हीं दंगों से जुड़े दूसरे मामलों में उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया जाता है। यह न्याय व्यवस्था की वह दरार है जिसमें सच अक्सर गिर कर खो जाता है। नानावटी आयोग की रिपोर्ट इस पूरे अध्याय पर सबसे कठोर टिप्पणी है। दिल्ली में दंगों से जुड़ी 587 प्राथमिकी दर्ज हुईं, जिनमें से सैकड़ों या तो बंद कर दी गईं या उनमें आरोपी बरी हो गए। हजारों लोग मारे गए, लेकिन सजा गिनती के मामलों में ही हो सकी।

## झारखंड में 16 नक्सली ढेर

रांची,22 जनवरी। झारखंड पुलिस ने लाल आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 नक्सली को ढेर किया है। मृतकों में एक करोड़ का इनामी नक्सली अनल दा भी शामिल है। अनल दा अलावा इस ऑपरेशन में कई शीर्ष इनामी माओवादियों के मारे जाने की प्रारंभिक सूचना है। मरने वाले नक्सलियों की संख्या भी बढ़ सकती है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरीय अधिकारियों को सारंडा जंगल में बड़े माओवादियों के होने की गुप्त सूचना मिली थी। इस इनपुट के बाद कोबरा झारखंड, जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने छोटानागरा थाना क्षेत्र मं सर्च ऑपरेशन चलाया। जैसे ही टीम सुबह से छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुंभडीह गांव के पास पहुंची नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शिरू कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए टीम ने 16 नक्सलियों को मार गिराया है। अब तक सेंट्रल कमेटी मेंबर अनल दा सहित कुल 16 नक्सली ढेर हो चुके हैं। कई नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इस ऑपरेशन में कोबरा की 203, 205, 209 और सीआरपीएफ के कई बटालियन के जवान मौजूद हैं। इलाके में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है। कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षाबलों का ऑपरेशन फिलहाल जारी है। क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन समाप्त होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। मुठभेड़ के बाद सारंडा के पूरे जंगली क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों और बैकअप टीम को मौके पर रवाना किया गया है ताकि नक्सलियों के भागने के सभी रास्ते बंद किए जा सकें। खबर लिखे जाने तक सर्च ऑपरेशन और मुठभेड़ की स्थिति बनी हुई है। अनल भाकपा (माओवादी) संगठन का सेंट्रल कमेटी मेंबर (CCM) था और लंबे समय से सुरक्षाबलों की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल था। सूत्रों के अनुसार, इस भीषण मुठभेड़ में अब तक 10 से 12 माओवादियों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि, सुरक्षाबलों की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। इलाके में अब भी सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर रखा है। सारंडा जंगल लंबे वक्त से नक्सलियों का मजबूत किला रहा है, जहां कई इनामी नक्सली नेता एक्टिव रहते हैं। हाल ही में चाईबासा में सीआरपीएफ डीजी की अध्यक्षता में एक स्पेशल मीटिंग हुई थी, जिसमें नक्सलियों के खिलाफ ठोस रणनीति बनाई गई थी। इसी मीटिंग के बाद झारखंड और ओडिशा से भारी तादाद में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी, जिससे इस क्षेत्र से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया किया जा सके।



### खाई में गिरा सेना का वाहन, 4 जवान शहीद

**श्रीनगर,22 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। कश्मीर के डोडा में सेना का वाहन खाई में गिर गया है। हादसे में में 4 जवान शहीद हो गए हैं। वहीं 12 घायल हुए हैं। घायल सैनिकों को दुर्घटनास्थल से निकालकर पास के मेडिकल सेंटर में ले जाया गया है, जहां तीन सैनिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सेना का ये कैस्पर डोडा में भद्रवाह चंबा रोड से जा रहा था, जिसकी हालत पहले से काफी खस्ता है। इसी दौरान कैस्पर करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर खाई में जा गिरा। हादसे में 4 जवान घटनास्थल पर ही शहीद हो गए। वहीं 12 घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अज्ञात कारणों से गाड़ी सड़क से फिसल गईष घटना के तुरंत बाद, बचाव और राहत टीमों को मौके पर भेजा गया। घायल सैनिक को दुर्घटनास्थल से निकालकर पास के मेडिकल सेंटर में ले जाया गया है, जहां तीन सैनिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## इंद्रावती नदी में नाव पलटी, 4 लापता

**बीजापुर,22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। इंद्रावती नदी पर ऐसा भयावह हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया। भैरमगढ़ तहसील के उसपरी झिल्ली घाट (उसपरी घाट) पर एक डोंगी अचानक असंतुलित होकर पलट गई और नदी की उफनती लहरों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों को निगल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नाव में 5 से 6 लोग सवार थे, जो साप्ताहिक भैरमगढ़ बाजार से खरीदारी कर अपने गांव बोड़गा लौट रहे थे। जैसे ही डोंगी नदी के बीच पहुंची, इंद्रावती का तेज बहाव उस पर भारी पड़ गया। पल भर में नाव पलट गई और चीख-पुकार के बीच लोग पानी में बिखर गए।

इस दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे तेज बहाव में बह गए। कुछ रिपोर्ट्स में लापता लोगों को दो महिलाएं और दो बच्चे बताया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर तुरंत बचाव किया और 2 लोगों को किसी तरह बाहर निकाल लिया, लेकिन बाकी चार लोग अंधेरे और तेज धाराओं में लापता हो गए। रात भर नदी किनारे हाहाकार मचा रहा। परिजन और ग्रामीण टॉर्च की रोशनी में अपनों को पुकारते रहे, लेकिन इंद्रावती खामोश रही। देर रात तक कोई सुराग नहीं मिल सका। सुबह होते ही प्रशासन ने फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मोटरबोट, राजस्व विभाग, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें नदी में लगातार तलाश कर रही हैं।

### इंडिया-न्यूजीलैंड टी-20 मैच 23 को

**रायपुर,22 जनवरी।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 जनवरी को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच खेला जाएगा। इस मैच के लिए टीम इंडिया आज रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। टीम इंडिया होटल मैरियट और न्यूजीलैंड हयात में रूकेगी। इस बार मैच मे छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने कुछ बदलाव भी किए हैं। फर्स्ट इनिंग के बाद कोई एंट्री नहीं है। मैच शाम सात बजे से शुरू होगा और एंट्री दोपहर चार बजे से शुरू हो जाएगी। संघ ने ये भी कहा है कि सीट पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगी।

### आयुक्त ने जोन-3 के मदर टेरेसा क्षेत्र का निरीक्षण कर

# डामरीकरण,नियमित सफाई,कचरा तत्काल हटाने के दिए निर्देश

**भिलाई, 22 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 अंतर्गत मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नवीन डामरीकरण सड़क, वाटर एटीएम, सड़क बाधा, अवैध पार्किंग, साफ-सफाई व्यवस्था एवं तेलहा नाला क्षेत्र का जायजा लिया गया। आयुक्त पाण्डेय एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा वार्ड क्रमांक 30 में 18 नंबर रोड के समीप नवनिर्मित डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया गया। समीप पार्षद निधि से स्थापित वाटर एटीएम का अवलोकन कर उसकी नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए। सड़क



किनारे फेंके गए कचरे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। वार्ड क्रमांक 27 एवं 28 में सड़क पर बने अनावश्यक ब्रेकर को हटाने तथा सड़क किनारे खड़े पुराने टैम्पो के कारण हो रही बाधा को दूर करने के निर्देश दिए गए। बीएसपी स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगी अवैध पार्किंग पर नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। स्कूल परिसर के पास कचरा फेंकने पर संबंधितों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त द्वारा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने एवं प्रचार-प्रसार करने पर विशेष जोर दिया गया। सुभाष चौक में खुले में मांस-मटन विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वार्ड क्रमांक 34 अंतर्गत तेल्हा नाला के किनारे प्रस्तावित बाउंड्रीवाल स्थल का निरीक्षण किया गया, जहाँ अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने बंद पड़े निर्माण कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद जालंधर सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे उपस्थित रहे।

# घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,22 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के दिशा-निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा यह कार्यवाही की गई।दिनांक 20.01.2026 को प्रार्थी लेखराम साहू पिता थानु राम साहू उम्र 50 वर्ष, साकिन चिमागोदी, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा थाना सहसपुर लोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी बड़ी पुत्री लोकेश्वरी उर्फ लता साहू की शादी वर्ष 2017 में ग्राम महराटोला निवासी जोधन साहू पिता दयालु राम साहू के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। दिनांक 19.01.2026 की दरम्यानी रात घरेलू बातों को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी पति द्वारा स्टील के करछुल से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई गई तथा बाद में कीटनाशक सल्फास खिलाकर उसकी हत्या कर दी गई।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 04/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान मृतिका के पति जोधन साहू को पूछताछ हेतु थाना लाया गया। साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने घरेलू विवाद के चलते करछुल से हमला कर तथा सल्फास खिलाकर पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया।आरोपी जोधन साहू पिता दयालु राम साहू उम्र 50 वर्ष, साकिन महराटोला, थाना सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम को दिनांक 20.01.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।इस त्वरित विवेचना, आरोपी की गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बलदाव भट्ट, प्रधान आरक्षक गिरीश तिवारी, आरक्षक राजू सोनवानी एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## सुरक्षा विषयक ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाई, 21 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सुरक्षा जागरूकता माह-2026 के अंतर्गत नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में सुरक्षा विषय पर आधारित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक एम. के. गोयल, मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा, मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास तथा महाप्रबंधक प्रभारी जगेन्द्र कुमार सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक डी. सतपथी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा मूल्यों का विकास कम आयु से ही किया ।

# देशभक्ति के रंग में रंगा बाजार,तिरंगे की बढ़ी मांग





भिलाई, 22 जनवरी। गणतंत्र दिवस को लेकर शहर में देशभक्ति का माहौल बन गया है। एक ओर देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। खासकर बच्चों में तिरंगा खरीदने को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। स्टेशनरी संचालक एवं भिलाई बुक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह निरंकारी ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि तिरंगे झंडों की बिक्री अच्छी चल रही है। स्कूली बच्चों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन एवं सामाजिक संगठनों के लोग भी बड़ी संख्या में तिरंगा झंडा खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि 36 बाई 45 साइज का तिरंगा झंडा 300 रुपये में उपलब्ध है, वहीं 2 रुपये से लेकर 50 रुपये तक के छोटे-बड़े तिरंगे विभिन्न साइजों में बिक रहे हैं। इसके अलावा रिस्ट बैंड, बिल्ला, कागजी पंखे और बैज भी तिरंगे-रंग में उपलब्ध हैं, जिनकी बच्चों में विशेष मांग बनी हुई है। मनोज सिंह निरंकारी ने आने वाले दिनों में तिरंगा सामग्री की बिक्री में और तेजी आने की संभावना जताई है। वहीं जवाहर मार्केट उप डाकघर के उप डाकपाल आर. एल. वर्मा ने बताया कि तिरंगा झंडा खरीदने को लेकर लोगों में हर वर्ष उत्साह रहता है। यह देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की एक बड़ी पहचान है।

# चार लेबर कोड के खिलाफ 12 फरवरी को भिलाई में हड़ताल




**भिलाई, 22 जनवरी।** मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं के विरोध में संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई ने 12 फरवरी को हड़ताल का ऐलान किया है। इस संबंध में हड़ताल की लिखित सूचना भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी के नाम औद्योगिक संबंध महाप्रबंधक को सौंपी गई। ट्रेड यूनियनों ने कहा कि चारों लेबर कोड मजदूरों के दशकों से अर्जित अधिकारों पर सीधा हमला हैं। इनसे हड़ताल का अधिकार सीमित होगा, स्थायी रोजगार कमजोर होगा और ठेका व अस्थायी रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। एटक के विनोद कुमार सोनी ने ने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल केवल श्रम संहिताओं के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों के एमएसपी की कानूनी गारंटी, जनविरोधी विद्युत व बीज विधेयक की वापसी, जल-जंगल-जमीन, कृषि भूमि और खाद्य सुरक्षा की रक्षा से भी जुड़ी है। यूनियनों ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रबंधन श्रमिकों की मांगों–26,000 रु न्यूनतम वेतन, समान काम का समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, ठेका प्रथा की समाप्ति और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक, पर जानबूझकर चुप्पी साधे हुए हैं। बीएसपी में नई भर्ती पर रोक और 20 प्रतिशत ठेका श्रमिकों की छंटनी के आदेश को श्रमिक विरोधी बताते हुए यूनियनों ने कहा कि जब संवाद के सभी रास्ते बंद कर दिए जाते हैं, तब हड़ताल अनिवार्य हो जाती है। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने सभी स्थायी व ठेका श्रमिकों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।

## सामान्य सभा में कई निर्णय

**जामुल,22 जनवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया जिसमें परिषद के सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सभी विषयों पर चर्चा कर विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि आज की बैठक में मेरे परिषद के सभी सम्मानीय सदस्यों ने जामुल के विकास के लिए दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी प्रस्ताव पर सहमति दी है । जिसमें मैं जामुल के जनता को पूर्व रूप से आश्वस्त करता हूं कि शीघ्र ही हमारे जामुल पालिका क्षेत्र में 11 करोड़ रूपये का विकास कार्य सम्पादित होगा । नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि राज्य राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत 2 करोड़ 50 लाख रूपये, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 1 करोड़ 23 लाख रूपये, पेयजल प्रबंधन घटक अंतर्गत 86 लाख रूपये का अनुमोदन किया गया।

# पावर हाउस स्टेशन पर महीनों से काम अधूरा,बनी हुई है हादसे की आशंका

**भिलाई, 22 जनवरी।** पावर हाउस रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 पर लापरवाही अपनी सारी हदें पार कर चुकी है। पिछले एक माह से काम पूरी तरह ठप पड़ा है, लेकिन न तो ठेकेदार पर कार्रवाई हो रही है और न ही रेलवे प्रशासन की नींद टूट रही है। प्लेटफार्म की दीवार से लगी बांस की मचान पिछले आठ माह से जस की तस खड़ी है, जो हर दिन बुजुर्गों, बच्चों और यात्रियों के लिए हादसे को न्योता दे रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि यहां केवल रंगाई-पुताई जैसा मामूली काम होना है, फिर भी आठ माह



बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है। अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का निर्माण कार्य चार साल से चल रहा है, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका। स्टेशन परिसर में हर तरफ अधूरे काम, बिखरा सामान और अव्यवस्था साफ दिखाई दे रही है। सवाल यह उठता है कि क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही रेलवे प्रशासन जागेगा? यात्रियों की सुरक्षा को ताक पर रखकर चल रहे इस कार्य पर न कोई जवाबदेही तय की जा रही है, न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई। स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द काम पूरा कराने और दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क सुरक्षा माह के शिविर में 83 नागरिकों के बने लर्निंग लाइसेंस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,22 जनवरी।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कबीरधाम पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित वाहन चालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वीर सावरकर भवन में परिवहन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

यह आयोजन पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह एवं श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा किया गया। शिविर में आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर सरल एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान कुल 83 नागरिकों के



लर्निंग लाइसेंस बनाए गए।

शिविर में उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन चालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी दी गईं, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम में जनसहभागिता सुनिश्चित की जा सके।एसडीओपी यातायात श्री कृष्णा चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सेवाएं त्वरित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित वाहन चालन के लिए प्रेरित करना भी इस अभियान का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। नियमों का पालन करने से स्वयं के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।यातायात प्रभारी श्री अजय कांत तिवारी ने बताया कि शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने आमजन से अपील की कि वाहन चलाते समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से रखें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें और यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान आगे भी इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे।कबीरधाम पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### मोटर साइकिल चोरी के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार



**दुर्ग, 22 जनवरी।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने सशक्त ऐप की मदद से चोरी की गई दो दोपहिया वाहन बरामद की है मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है पुलिस के अनुसार योगेश कुमार सेन ने थाना दुर्ग सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सुबह 10 बजे गांधी चौक, दुर्ग गया था और करीब 10.30 बजे लौटने पर उसकी बाइक गायब थी सशक्त ऐप के माध्यम से संदिग्ध वाहनों की निगरानी की जा रही थी। मुखबिरी के बाद पुलिस ने बस स्टैंड दुर्ग क्षेत्र में शुभम देवांगन, निवासी शंकर नगर, और यश उर्फ आजाद सेन, निवासी आमापारा, दुर्ग को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने गांधी चौक और करीब 4 माह पहले रायपुर, फाफाडीह चौक क्षेत्र से दोपहिया चोरी करने की बात स्वीकार की। दोनों आरोपियों के कब्जे से दो दोपहिया बरामद किए गए और उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### सट्टा के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई



**भिलाई, 22 जनवरी।** भिलाई नगर थाने पुलिस को मुखबिरी मिली कि सिविक सेंटर, मुन्ना जूस कार्नर के पास जुआं-सट्टा खेला जा रहा है मौके पर दबिश देकर पुलिस ने नरेश देवांगन, निवासी सेक्टर . 6 को गिरफ्तार किया उस के कब्जे से एक मोबाइल और सट्टा की रकम 3ए000 रुपए नकद बरामद हुई। साथ ही चिंटू कुमार, निवासी रिसाली नेवई के पास से एक मोबाइल और 5.000 रुपए नकद जब्त किए गए दोनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआं प्रतिषेधद्ध अधिनियम 2022 की धारा छह और सात के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार सेक्टर.6 सी मार्केट में जुआं-सट्टा खिलाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। संदेही कृष्णा जी प्रसाद उर्फ गोलू सेक्टर 4 भीष्म कुमार देवांगन सेक्टर 7 दीपक कुमार शंकर नगर, दुर्ग, गिरधर रेड्डी सेक्टर 10 और संजय सेनापति सुपेला को पकड़ा गया। इनके कब्जे से पांच मोबाइलए 15.000 रुपए नकद और जुआं-सट्टे की रिकॉर्ड की गई कापी बरामद हुई। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### पार्षद,व्यापारी मारपीट,जुर्म दर्ज



**भिलाई, 22 जनवरी।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद और एक स्थानीय व्यापारी के बीच आपसी विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 05 गणेश नगर निवासी पार्षद दीपक गुप्ता (54 साल ) ने 20 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह नगर पालिका परिषद कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान केशव सोनी ने उनका रास्ता रोककर बिना कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े लकड़ी के डंडे से उनके सिर पर हमला कर दिया। इस हमले में पार्षद के सिर, बाईं आंख और दाहिने हाथ की उंगली में चोट आई तथा खून निकलने की बात कही गई है। पुलिस ने दीपक गुप्ता की रिपोर्ट पर आरोपी केशव सोनी के खिलाफ धारा 115 (2), 126 (2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष से केशव सोनी (43 साल ) निवासी रावण भाठा जामुल ने थाने में शिकायत दर्ज कराया कि वह गांव किरना (तिल्दा नेवरा) से धान बेचकर लौट रहे थे। तभी ठेठवार पारा सुभाष नगर में दीपक गुप्ता ने उन्हें रोक लिया और पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज करते हुए प्लास्टिक पाइप से मारपीट की। इसके बाद दीपक गुप्ता ने अपने भाई बबलू गुप्ता को भी बुला लिया। जिन्होंने मिलकर मारपीट की इस घटना में केशव सोनी के होंठ, दाहिने हाथ की उंगली और दोनों पैरों की जांघ में चोट आने की बात कही गई है केशव सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में दीपक गुप्ता और बबलू गुप्ता के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में विवेचना जारी है। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है।

## समाचार संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण लीला,भक्ति की महिमा का वर्णन किया



**उतई, 22 जनवरी (तछसं.)।** आज श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पावन छठवें दिवस परतेलीगुंडरा पाटन जिला दुर्ग स्थित भागवत मंच पर पहुँचकर भक्तों को कथा श्रवण का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। कथा वाचिका देवी गरिमा शर्मा जी द्वारा की गई कथा ने मन बुद्धि और आत्मातीनों को गहरे रूप से स्पर्श किया।छठे दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीला, भक्तिरसएधर्मए प्रेमए करुणा और जीवन के गूढ़ रहस्यों का अद्भुत व हृदयस्पर्शी वर्णन हुआ।

देवी गरिमा शर्मा जी की वाणी में वह दिव्य शक्ति है
जो श्रोताओं को संसारिक बंधनों से ऊपर उठाकर
भक्तिए सेवा और सदाचार के मार्ग पर प्रेरित करती है।

कथा स्थल पर उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु आनंदए शांति और भक्तिरस में सराबोर दिखाई दिया। ऐसी पावन भागवत कथा न केवल व्यक्ति के जीवन को दिशा देती है, बल्कि समाज, परिवार और राष्ट्र में संस्कार, एकता और धर्मभावना को सुदृढ़ करती है।

### नितिन नबीन के अध्यक्ष बनने पर भाजपा पाटन मंडल ने मनाया जश्न



**उतई, 22 जनवरी (तछसं.)।** छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन के प्रभारी नितिन नवीन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा पाटन मंडल के द्वारा फटाका एवं मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया इसमें पाटन मंडल के अध्यक्ष रानी बंछोर एवं नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले विशेष रूप से उपस्थित थे इस कार्यक्रम में पाटन मंडल के हर प्रसाद आडिल मुक्तूराम साहू महामंत्री गण एवं समस्त बुथ अध्यक्ष गण उपस्थित थे ।

### मड़ई मेला में बड़ी संख्या लोग हुए शामिल



**उतई, 22 जनवरी (तछसं.)।** ग्राम सांकरा अमलेश्वर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंडाई मेला का आयोजन किया गया था ।सर्व प्रथम ग्राम के प्रथम नागरिक रवि सिंगौर ने सभी ग्रामीणों की अगवाई करते हुए बाजे गाजे के साथ राउत नृत्य करते हुए गॉव के देवी देवताओं को आमंत्रित करते हुए गॉव के गली भर्मण करते हुते मंच में पहुचे समिति दुवारा आये हुए अथितियों की पुष्प माला और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।तत्पश्चात अतिथि उद्बोधन में प्रदेश मंत्री ने कहा जो ग्रामीण अंचलों में मनोरजन के बड़ी महत्व रखता है । ये बाते भाकपा के वरिष्ट नेता प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने अपने उध्बोधन में कहा। युवा सरपंच रवि सिंगौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंडाई मेला के आयोजन में गॉव में आपसी प्रेम और भाई चारे की वृद्धि होता है ।साथ ही साथ मनोरंजन भी हो जाता है ।रात में कविता वासनिक की मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिसमें ग्रामीण जन आनंद लिए। इस अवसर पर कमलेश वर्मा मंडल अध्यक्ष,अमलेश्वर अमलेश्वर के नगरपंचायत अध्यक्ष दयानंद सोनकर उपसरपंच एवम बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।


### खुले में मांस-मटन बिक्री पर निगम की सख्ती, अवैध दुकान बेदखल



**भिलाई, 22 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के प्रातःकालीन निरीक्षण के दौरान खुले में अवैध रूप से मांस-मटन विक्रय करते दुकान संचालित पाई गई। निगम क्षेत्र में खुले में मांस-मटन की दुकानें लगाना प्रतिबंधित होने के बावजूद मुख्य चौराहे पर कटिंग कर मांस बेचा जा रहा था। जोन-3 अंतर्गत सुभाष चौक में अवैध रूप से संचालित इस दुकान पर आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली की उपस्थिति में बेदखली की कार्रवाई की गई। मौके पर लगाए गए बांस-बल्ली को जेसीबी की सहायता से तोड़कर जब्त किया गया। दुकान संचालक को सख्त समझाइश देते हुए भविष्य में कहीं भी खुले में मांस-मटन विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव सहित निगम की बेदखली टीम उपस्थित रही।

### कोक ओवन में सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन

**भिलाई, 22 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के कोल सेक्शन में सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा द्वारा किया गया।



यह सुरक्षा रैली कोल मोडेक्स से प्रारंभ होकर कोल हैंडलिंग प्लांट क्षेत्र एवं बैटरी क्षेत्र से होते हुए कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए तुलाराम बेहेरा ने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों और प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोज़मर्रा के व्यवहार, आपसी देखभाल और सतर्कता से विकसित होने वाला एक मूल मूल्य है। महाप्रबंधक झगर सिंह ने कर्मचारियों को दैनिक कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के अनुपालन एवं सुरक्षित व्यवहार को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी बी.सी. मंडल के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि सेक्शनल हेड एस.एस. मेश्राम ने कार्यक्रम का समन्वय किया। आयोजन में अशोक नायक, विवेक त्रिपाठी, लोकेश कुशवाहा एवं विपिन बंछोर का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# आयरलैंड की राजधानी डबलिन में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की गूंज

■ **छत्तीसगढ़ की कला आयरलैंड तक पहुँचना गौरव का विषय : साय**

**रायपुर, 22 जनवरी।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में भारत की सांस्कृतिक विविधता की एक सशक्त झलक देखने को मिली, जब स्टेट कल्चरल इवेंट सीरीज़ के तहत भारतीय दूतावास, डबलिन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पर केंद्रित भव्य सांस्कृतिक आयोजन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयरलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्घाटन आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं और राज्य की विशिष्ट पहचान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारत की विविधता को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हैं।

आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ पर आधारित एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें राज्य की कला, संस्कृति, परंपरा और विकास यात्रा को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हस्तशिल्प की प्रदर्शनी ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया, जहाँ राज्य की कारीगरी की बारीकी और सौंदर्य को




सराहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की आत्मा को आयरलैंड की धरती तक पहुँचा दिया और दर्शकों से भरपूर प्रशंसा प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों के साथ हुआ, जिसने उपस्थित अतिथियों को राज्य की स्वादिष्ट पाक-परंपरा से परिचित कराया। कुल मिलाकर यह आयोजन छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल साबित हुआ। सीएम साय ने कहा कि आयरलैंड की राजधानी डबलिन में आयोजित छत्तीसगढ़ केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं को अंतराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि प्रदेश की लोकसंस्कृति अब वैश्विक दर्शकों तक पहुँच रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्टेट कल्चरल इवेंट सीरीज़ के अंतर्गत भारतीय दूतावास, डबलिन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक विविधता और ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए भारतीय दूतावास और आयरलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला, हस्तशिल्प और लोक परंपराएँ राज्य की पहचान का मूल आधार हैं। आयरलैंड में आयोजित इस कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ की हस्तकला, पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों ने सराहा, यह राज्य के कलाकारों और कारीगरों के लिए प्रेरणादायी है।

**समाचार संक्षेप**

## डॉयल-112 को झूठी सूचना देने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 22 जनवरी।** जेल में निरूद्ध तिल्दा पुलिस/डायल 112 को गंभीर संज्ञेय अपराध घटित होने की सूचना की जाँच पर झूठा पाये जाने पर कार्यवाही की है पुलिस ने आरोपी भरत धुव्र को गिरफ्तार कर पुलिस कार्यवाही की। पुलिस ने देर रात्रि पुलिस को दिया गया था गंभीर अपराध घटित होने की। रात्रि करीब 01:00 बजे डायल 112 कंट्रोल रूम को सूचना दिया गया कि थाना तिल्दा रेल्वे स्टेशन के पास मौली मंदिर के पास कॉलर के द्वारा गंभीर संज्ञेय अपराध घटित होने की सूचना पर डॉयल 112 तथा थाना तिल्दा नेवरा प्रभारी निरीक्षक रमाकान्त तिवारी व अन्य थाना स्टाफ तत्काल दल बल के साथ मौके पर पहुँचकर सूचना की तस्दीक करने पर आनावेदक/कॉलर के दिये सूचना की तस्दीकी मौके पर करने पर सूचना पूर्ण रूप से गलत व झूठी पायी गई। अनावेदक के द्वारा दिये सूचना की जाँच कार्यवाही के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा संज्ञेय अपराध की रोकथाम हेतु धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया जिस पर अनुविभागीय दंडाधिकारी के द्वारा असमाजिक तत्व का जेल वारंट जारी किया गया जो केन्द्रीय जेल रायपुर में निरूद्ध है।

**एक नजर**

## खेत में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**तिल्दा-नेवरा, 22 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोनारी चौक के पास सड़क किनारे खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर पहचान करने में जुट गई है। आज गुरुवार को सुबह तिल्दा ब्लॉक के कोनारी चौक के पास सड़क किनारे खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति की मौत शायद ठंड की वजह से हुई होगी।

## 25 को मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**रायपुर, 22 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी को पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (National Voter's Day) पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ÷मेरा भारत, मेरा वोट÷ निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए नागरिकों, विशेषकर युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा परिपत्र जारी कर दी गई है। जारी परिपत्र के अनुसार 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर प्रदेश के सभी स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में निर्धारित थीम पर वाद-विवाद, चर्चा तथा चित्रकला, पेंटिंग, निबंध लेखन, नाटक, गीत जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के समस्त विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) तथा जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा ली जाएगी। यह प्रतिज्ञा 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे अथवा यथोचित समय पर आयोजित की जाएगी।

## कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा की समय-सारणी जारी

**रायपुर, 22 जनवरी।** लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा वर्ष 2026 की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्य में यह परीक्षाएँ मार्च से अप्रैल 2026 के मध्य आयोजित की जाएँगी।

**कक्षा 5वीं की परीक्षा का कार्यक्रम:** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी समय सारणी अनुसार कक्षा 5वीं की केंद्रीकृत परीक्षाएँ प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित की जाएँगी। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार गणित विषय की परीक्षा 16 मार्च 2026 (सोमवार), अंग्रेजी विषय की परीक्षा 19 मार्च 2026 (गुरुवार), हिंदी विषय की परीक्षा 23 मार्च 2026 (सोमवार) तथा पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा 25 मार्च 2026 (बुधवार) को आयोजित की जाएगी।

**कक्षा 8वीं की परीक्षा का कार्यक्रम :** इसी प्रकार कक्षा 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाएँ प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संचालित होंगी। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गणित विषय की परीक्षा 17 मार्च 2026 (मंगलवार), हिंदी विषय की परीक्षा 20 मार्च 2026 (शुक्रवार), अंग्रेजी विषय की परीक्षा 24 मार्च 2026 (मंगलवार), सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 30 मार्च 2026 (सोमवार), विज्ञान विषय की परीक्षा 2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) तथा संस्कृत/उर्दू विषय की परीक्षा 6 अप्रैल 2026 (सोमवार) को आयोजित की जाएगी।

### शहीद गैंदसिंह के नाम पर चौक, मूर्ति स्थापना और सामाजिक केंद्रों की घोषणा

# छत्तीसगढ़ की धरती जनजातीय शौर्य और बलिदान की साक्षी : मुख्यमंत्री साय

■ **मुख्यमंत्री शहीद शिरोमणि गैंदसिंह के 201वें शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में हुए शामिल**



**रायपुर, 22 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के तत्वावधान में साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में आयोजित शहीद शिरोमणि गैंदसिंह के 201वें शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने महान जनजातीय नायक एवं स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत शहीद गैंदसिंह का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने शहीद गैंदसिंह के सम्मान में नया रायपुर में चौक के नामकरण एवं मूर्ति स्थापना, चंगोराभाटा स्थित समाज के सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार, तथा बालोद जिले के देवरी, कांकेर जिले के मरकाटोला, दानीटोला, नगरी, डोंगरगांव एवं बस्तर जिले के भानपुरी तथा करूटोला में हल्बा समाज के सामाजिक केंद्रों के निर्माण हेतु प्रत्येक स्थान के लिए 10-10 लाख रुपये प्रदान किए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम कितूर में रंगमंच निर्माण तथा चपका बस्तर में श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि देश में स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत भले ही वर्ष 1857 से मानी जाती है, किंतु उससे बहुत पहले ही छत्तीसगढ़ की धरती पर जनजातीय क्रांतियों की गूंज सुनाई देने लगी थी। महान क्रांतिकारी शहीद गैंदसिंह अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष करते हुए वर्ष 1825 में शहीद हुए, और उस कालखंड में भी आदिवासी समाज ने आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक-दो नहीं बल्कि कुल 14 जनजातीय क्रांतियां हुई, जिन्होंने अंग्रेजों की सत्ता की नींव हिला दी। यह धरती शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंदसिंह और वीर गुण्डाधुर जैसे महान जननायकों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश इन वीरों और जनजातीय नायकों को लंबे समय तक इतिहास के पन्नों में उचित स्थान नहीं मिला। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय नायकों के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हुई 14 जनजातीय क्रांतियों पर आधारित ट्राइबल म्यूजियम नया रायपुर में निर्मित किया गया है, जिसका लोकार्पण स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस संग्रहालय में इन सभी क्रांतियों का सचित्र विवरण एवं गहन जानकारी प्रस्तुत की गई है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि सभी लोग इस म्यूजियम का अवश्य अवलोकन करें, ताकि छत्तीसगढ़ की बलिदानी धरती में जनजातीय नायकों के योगदान को भली-भांति समझा जा सके।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर जनजातीय समाज की बेटी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आसीन हैं और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नेतृत्व भी जनजातीय समाज के बेटे के हाथों में है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए। उनके नेतृत्व में जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया गया, जो आज हजारों करोड़ रुपये के बजट के साथ जनजातीय समाज के विकास को नई दिशा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय ऐतिहासिक है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से जनजातीय समाज के कल्याण की नई इबारत लिखी जा रही है। जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता से किया जा रहा है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे पुरखों ने शिक्षा को विकास का मूलमंत्र बताया है। शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है और आज प्रदेश में आईआईएम, आईआईटी और एम्स जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान संचालित हो रहे हैं। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से शिक्षा को बढ़ावा देने, शासन की योजनाओं की जानकारी समाज तक पहुंचाने तथा युवाओं को अपने अधिकारों और लक्ष्यों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अंचल में नक्सलवाद लंबे समय तक विकास में सबसे बड़ी बाधा रहा है, किंतु डबल इंजन सरकार के संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के अदम्य साहस से इस बाधा को दूर किया जा रहा है। वर्षों से विकास से वंचित इस अंचल में अब विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शहीद गैंदसिंह छत्तीसगढ़ के पहले वीर शहीद जननायक थे, जिन्होंने वर्ष 1824-25 में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंका। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा संसाधनों की लूट और आदिवासियों के शोषण के खिलाफ साहसिक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के जनजातीय नायकों का योगदान अतुलनीय रहा है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला, महामंत्री गिरवर सिंह ठाकुर, महेश गागड़ा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक बदलाव, पहली बार मंडल स्तर पर गठन

**रायपुर, 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक ढांचे में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पहली बार मंडल स्तर पर पार्टी संगठन का गठन किया है। संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए जिलेवार सूची जारी कर दी है। इन नियुक्तियों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा इस पर अंतिम मुहर लगाई गई है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह ने औपचारिक आदेश जारी किया। कांग्रेस के इस निर्णय को जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रिय भूमिका देने की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।

### स्व. कुलदीप निगम स्मृति क्रिकेट स्पर्धा 1 फरवरी से

**रायपुर, 22 जनवरी।** रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई के तहत क्रिकेट स्पर्धा 1 फरवरी से नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेला जाएगा। स्पर्धा में प्रेस क्लब के नए साथी भी खेल सकेंगे। खेल आयोजन समिति की बैठक आज प्रेस क्लब में हुई जिसमें प्रेस क्लब पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रतियोगिता 1 फरवरी से नेताजी सुभाष स्टेडियम में प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक टीमों से शीघ्र ही अपनी टीम के सदस्यों की सूची कार्यालय में जमा करने का आग्रह समिति ने पुनः किया है।

## छत्तीसगढ़ के बिहान समूहों के उत्पाद को खरीदारों से मिला बेहतर रिस्पॉन्स




**रायपुर, 22 जनवरी।** नवा रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय बायर-सेलर मीट 2026 में राज्य के बिहान महिला समूहों और इनके एफपीओ को जर्बदस्त रिस्पॉन्स मिला है, इससे महिला समूहों का मनोबल बढ़ा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित यह बायर-सेलर मीट 20 एवं 21 जनवरी को नया रायपुर स्थित निजी होटल में आयोजित हुई। इस दौरान खरीददार और महिला समूहों के प्रतिनिधियों के बीच उनके उत्पादों की मात्रा, क्वालिटी और मार्केटिंग को लेकर कई सहमतियां भी बनी।

इस मीट में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के खरीददार भी शामिल हुए, जिन्होंने बिहान के महिला समूहों के उत्पाद को न सिर्फ सराहा, बल्कि 11 प्रकार के उत्पादों की खरीददारी के लिए 2 लाख 13 हजार मीट्रिक टन की सप्लाई की डील भी फाइनल की। इन 11 उत्पादों में जैविक चावल जैसे- विष्णु भोग, देवभोग, जवाफूल, जीराफूल, विभिन्न प्रकार के मसाले, चना दाल बेसन, उड़द दाल, कोदो-कुटकी और तिखूर मुख्य रूप से शामिल हैं।

राज्य स्तरीय बायर-सेलर मीट 2026 दो दिवसीय मीट के दौरान बिहान के समूहों ने खरीददारों को अपने-अपने उत्पाद, मात्रा और क्वालिटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। खरीददारों ने समूहों को अपनी डिमांड से भी अवगत कराया। बायर और सेलर के बीच आर्डर और सप्लाई को लेकर कई सहमति भी बनी। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, एएफसी इंडिया लिमिटेड एवं प्रदान संस्था के सहयोग से आयोजित व्यावसायिक संवाद और बैठक न सिर्फ सार्थक रही बल्कि इसके परिणाम बहुत ही उत्साहजनक रहे। महिला समूहों और एफपीओ का अपने उत्पादों की मात्रा को बढ़ाने को लेकर एक नया उत्साह जगा।

## बिना परेशानी धान बेच पा रहे किसान

**रायपुर, 22 जनवरी।** खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जशपुर जले में धान खरीदी का कार्य छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसान बिना किसी परेशानी के अपनी उपज का विक्रय कर पा रहे हैं। इसी क्रम में कुनकुरी विकासखंड स्थित धान खरीदी केंद्र में ग्राम घटमुंडा निवासी कृषक विजय प्रताप ने धान विक्रय के दौरान की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि केंद्र में धान बेचते समय उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।



कृषक विजय प्रताप ने कहा कि धान खरीदी केंद्र में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है। इससे किसानों का समय बच रहा है और अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दे रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

## बैंकर्स और वेंडर से बेहतर समन्वय कर योजना में लाएं प्रगति:कलेक्टर

### कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के लिए ली समीक्षा बैठक

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों एवं वेंडरो की बैठक लेकर जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के लिये निर्धारित लक्ष्य समय पर हासिल करने बैंकर्स एवं वेंडरो से बेहतर समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।




कलेक्टर सोनी ने कहा कि तीनों डिवीजन के लिये निर्धारित लक्ष्य अनुसार वेंडर और बैकर्स की साप्ताहिक ओपन बैठक में बैंकवार एवं वेंडरवार आवेदनों की स्थिति तथा समस्याओं पर चर्चा कर निरकारण कराएं। बैठक में सरपंच, सचिव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें और योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने आग्रह करें ताकि वे आमजनों को भी प्रोत्साहित कर सकें। उन्होंने विभाग के कनिष्ठ अभियंताओ के लिये निर्धारित लक्ष्य में कमजोर प्रदर्शन वालों पर कड़ी निगरानी और कार्यवाही करने के. भी निर्देश दिये। बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अब तक जिले को कुल 9915 आवेदन प्राप्त हुएहै जिसमें से 5254 हितग्राहियो ने वेंडर चयन कर लिया है। अब तक 1925 हितग्राहियों ने सोलर पैनल लगवा लिया है।

### पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में श्रीमंत शंकर देव शोध पीठ का हुआ लोकार्पण

# श्रीमंत शंकर देव के विचार सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विविधता की नींव : डेका

■ **श्रीमंत शंकर देव के लेखनी से पूरा देश गौरवान्वित हुआ है : साय**

**रायपुर, 22 जनवरी।** राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में स्थापित महान संत, समाज सुधारक और सांस्कृतिक चेतना के प्रणेता श्रीमंत शंकरदेव के विचारों, दर्शन और साहित्य को समर्पित शोध संस्थान का भव्य लोकार्पण आज गरिमामय समारोह में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, डॉ. कृष्ण गोपाल जी सह-सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित शिक्षा जगत के विद्वान, शोधार्थी, युवा वर्ग तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के मध्य एम.ओ.यू. पर भी हस्ताक्षर किया गया। एम.ओ.यू. के पश्चात दोनों ही विश्वविद्यालय के शोधार्थी एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अंतरविषयक अनुसंधान कर सकेंगे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि श्रीमंत शंकर देव के विचार आज भी समाज को जोड़ने, सामानता स्थापित करने और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं।

डेका ने कहा कि इस शोध पीठ की स्थापना उत्तर पूर्वी भारत और



मध्य भारत की सांस्कृतिक विरासत को अकादमी एवं शोध के स्तर पर जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह शोध पीठ भारत की महान संत परंपरा, भक्ति आंदोलन और सामाजिक सुधारों पर केंद्रित अध्ययन का सशक्त केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे अकादमिक प्रयास देश की सांस्कृतिक एकता को और मजबूत करते हैं।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस शोध पीठ के संचालन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2 करोड़ रूपये दिए गए हैं जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

राज्यपाल ने कहा कि श्रीमंत शंकर देव ने समाज सुधारक, शिक्षाविद, कलाकार, नाटककार, नाट्य निर्देशक, चित्रकार, साहित्यकार, गीतकार, संगीत और वैष्णव धर्म के प्रवर्तक व प्रचारक के रूप में ख्याति अर्जित की है। श्रीमंत शंकर देव को उत्तर पूर्व भारत के महान समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने जाति, वर्ग और धर्म से ऊपर उठ कर समरस समाज की कल्पना की। नामघर और सत्र परंपरा के माध्यम से उन्होंने समानता, करूणा और उदारता पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया। श्रीमंत शंकर देव द्वारा रचित साहित्य अंकिया नाट और बोरगीत आज भारतीय सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं। उनके विचारों ने असमिया समाज को एक सूत्र में पिरोया और सामाजिक चेतना को नई दिशा दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूज्य शंकरदेव जी का कार्यक्षेत्र भले ही असम था, लेकिन उनके द्वारा सामाजिक जागरण का जो कार्य किया गया, उसका प्रभाव संपूर्ण देश पर पड़ा। श्रीमंत शंकर देव जी द्वारा रचित साहित्य, नाटक, भजन में भारतीय संस्कृति का उद्घोष है।. हमारा देश अपनी एकता और अखंडता के लिए जाना जाता है। इसके पीछे शंकरदेव जी जैसे भारत माता के सपूत हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की संस्कृति को समर्पित किया।

## आबकारी विभाग ने अवैध महुआ मदिरा निर्माण तथा विक्रय पर बड़ी कार्रवाई की

■ **कुल 140 लीटर महुआ शराब तथा 3590 कि.ग्रा. महुआ लाहन बरामद**

**महासमुंद 22 जनवरी।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी विभाग द्वारा अवैध महुआ मदिरा निर्माण तथा विक्रय पर बड़ी कार्रवाई की गई।

गश्त के दौरान आबकारी जिला स्तरीय टीम द्वारा ग्राम पलसापाली, थाना बलौदा एवं ग्राम सुखापाली, थाना सरायपाली तथा ग्राम पैकिन, थाना सिंघोड़ा क्षेत्र में संघन जांच करते हुए गैर जमानती के 08 प्रकरण तथा 01 जमानती प्रकरण कायम कर कुल 140 लीटर महुआ शराब तथा 3590 कि.ग्रा. महुआ लाहन बरामद किया गया। जिसका अनुमानित कुल बाजार मूल्य 2 लाख 7 हजार 500 रुपए है। उपरोक्त प्रकरणों में 03 व्यक्तियों क्रमशः अनिल निराला, विजय रत्नाकर एवं खगेश्वर रत्नाकर को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त आरोपियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) तथा 34(2), 59(क) के तहत न्यायालय से रिमांड लेकर जेल भेजा गया।


## पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का इतना सम्मान तो होना ही चाहिए

कई महीनों ने देश के राजनीतिक दल यह सवाल पूछ रहे थे कि भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, वह कब चुना जाएगा, समय लग रहा था तो मजाक भी उड़ाया जा रहा था कि भाजपा अपना अध्यक्ष नहीं चुन पा रही हैं,तरह तरह की बातें की जा रही थी कि संघ व भाजपा के बीच अध्यक्ष को लेकर मतभेद हैं,इसलिए वह अपना अध्यक्ष नहीं चुन पा रही है। भाजपा के कई नेताओं के नाम की चर्चा थी लेकिन कोई नहीं जानता था कि भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा। बिहार चुनाव के बाद जब बिहार के नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया तो भी कोई यह मानने को तैयार नहीं था कि उनको राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। आज जब उनको राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है तो यह साफ हो गया है कि अब नितिन नवीन ही राष्टीय अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। आज नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा की प्रक्रिया के अनुसार चुन लिया गया है तो फिर एक बार यह बात साबित हुई है कि भाजपा में पीएम हो या राष्ट्रीय अध्यक्ष या किसी राज्य की सीएम एक कार्यकर्ता बन सकता है और पीएम,सीएम व राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद भी वह पार्टी का कार्यकर्ता बना रहता है। भाजपा में कार्यकर्ता का यही सबसे बड़ा सम्मान है कि उसका बड़ा महत्व है, उसका बड़ा सम्मान है। देश के पीएम भी उनका सम्मान करते हैं और सीएम भी उनका सम्मान करते हैं। पीएम मोदी ने आज नितिन नवीन को अध्यक्ष बनने के बाद बधाई दी और जब यह कहा कि नितिन नवीन अब मेरे भी बॉस है तो भाजपा के अध्यक्ष के लिए सबसे बड़ा सम्मान था। भाजपा के हर कार्यकर्ता का बड़ा सम्मान था। सब के मन में यही बात थी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का इतना सम्मान तो होना चाहिए। देश में बहुत सारे राजनीतिक दल हैं और हर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है। याद नहीं आता है कि किसी राजनीतिक दल के सबसे बड़े नेता,सीएम या पीएम ने कभी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष का सम्मान करते हुए कहा हो कि पार्टी का अध्यक्ष आज से मेरा भी बॉस है।पीएम मोदी ने ऐसा कहा है और पीएम मोदी ही ऐसा कह सकते है क्योंकि वह खुद कार्यकर्ता से देश के पीएम बने हैं और साफ कहते हैं कि पीएम होने के बाद भी मैं पार्टी का एक कार्यकर्ता हू। सभी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऐसा चाहते हैं लेकिन उनको ऐसा सम्मान नहीं मिलता है क्योंकि वह परिवार की पार्टी के अध्यक्ष होते हैं और पार्टी जिस परिवार की होती है, वह सबसे बड़ा होता है, पार्टी के अध्यक्ष से बड़ा होता है और पार्टी अध्यक्ष को यह एहसास दिलाता रहता है कि बड़ा अध्यक्ष नहीं है, बड़ा परिवार है। कांग्रेस नेता कह सकते हैं कि भाजपा में चुनाव प्रक्रिया सिर्फ मजाक है। सब कुछ पहले से तय होता है यहां सीधे मनोनयन होता है।भाजपा लोकतंत्र की बात करती है लेकिन लोकतंत्र तो कांग्रेस में है।कांग्रेस में विधिवत चुनाव के जरिए मल्लिकार्जुन खरगे अध्यक्ष चुने गए।भाजपा में वोटिंग से अध्यक्ष नहीं बनते,वहां संगठनात्मक फैसले भी ऊपर से थोपे जाते हैं।कांग्रेस नेता ऐसा कहते हुए भूल जाते हैं कि उनका चुना हुआ अध्यक्ष कहता है वह कोई फैसला नहीं कर सकते, इसका फैसला तो आलाकमान करेगा।यानी कांग्रेस मे अध्यक्ष से भी बडा कोई होता है,यह अध्यक्ष खुद कहते हैं। देश ने आज तक नहीं सुना कि राहुल गांधी ने कहा हो कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे मेरे बॉस हैं। कांग्रेस नेता भले ही नितिन नवीन को कमजोर अध्यक्ष समझें लेकिन नितिन नवीन ने संगठन में काम किया है और जो काम सौंपा गया है, वह पूरा करने मे सफल रहे हैं। यानी नितिन नवीन पार्टी के आजमाए हुए नेता है और पार्टी को उन पर भरोसा है कि वह पार्टी को मजबूत करेंगे,एनडीए को मजबूत करेंगे, पार्टी को अगले चुनाव जिताएंगे, उनका काम विकसित भारत के लिए काम करना है, क्योंकि विकसित भारत भाजपा व मोदी सरकार का लक्ष्य है।कांग्रेस के चुने हुए अध्यक्ष खरगे को अध्यक्ष बने कई साल हो गए और उनको आज तक पता नही है कि उनको पार्टी को मजबूत करने के लिए क्या करना है, गठबंधन को मजबूत करने के लिए क्या करना है। मालूम होता तो कहते और करते दिखते।

**बसंत पंचमी विशेष**

# सरस्वती माई के गले से सूखा हार हटाएं

**विजय मिश्रा 'अमित'**



बसंत पंचमी के एक दिन पहले कॉपी- किताब और अलमारी की सफाई कर रहा था। किताबों में लगे फटे चिथड़े जिल्द को बदलते भी जा रहा था। तभी अलमारी के कोने से किसी के सिसकने रोने की आवाज आई।अलमारी के पीछे झांककर देखा तो भौंचक्का रह गया, दरअसल वहां पड़ी सरस्वती माई की फोटो रो रही थी।

फोटो को जब मैंने उठाया तो धूल की पर्त फोटो के ऊपर जमी हुई दिखाई दी। मैंने पूछा क्या हो गया माई? क्यों कलप कलप कर रो रही हो? तब फ्रेम के भीतर जड़ी हुई माई बोली- मेरा दुःख दर्द पूछने वाले तुम कौन परोपकारी हो बाबू?ठीक से दिखाई नहीं दे रहे हो। कांच के ऊपर जमी धूल की पर्त को साफ करोगे तभी तो देख पाऊंगी। सरस्वती माई की फोटो के ऊपर जमी धूल की पर्त को मैंने जैसे ही टॉवल से साफ किया।माई मुझे झट से पहचान गईं।वे बोली-अच्छा अच्छा ... ।याद आया।तुम्हीं तो मुझे पिछले वर्ष मुझे बसंत पंचमी के दिन बाजार से खरीद कर लाए थे। उनकी बातें सुनकर मैं बछड़े की तरह कूलकते हुए बोला- हां माई, मैं ही तुम्हें बाजार से लाया था। विधि-विधान से पूजा करके खुबसूरत फूलमाला अर्पित भी किया था।आपने मुझे पहचान लिया यह मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है। तुम्हें कैसे नहीं पहचानूंगी बाबू।कहते हुए माई ने तल्ख़ लहज़े में कहा-देख रहे हो न। पिछले वर्ष जिस माला को मुझे पहनाए थे, वह आज तक मेरे गले में फांसी के फंदे की तरह लटका हुआ है। वह भी तुम्हारी प्रतीक्षा में पड़ा हुआ है कि कब उसे तुम किसी नदी तालाब में ठंडा करोगे।खैर, वर्ष में एक बार मेरी सफाई करने की याद तो तुम्हें आ ही गई। हां माई कल बसंत पंचमी है। मैंने तय किया कि कल मैं 'रेजोल्यूशन' लूंगा कि हर दिन सुबह तुम्हारी पूजा किया करूंगा। मेरी बात सुनकर माई आंखें फाड़ते



हुए बोली- ए 'रेजोल्यूशन' क्या होता है बाबू? किसी नए फल या मिठाई का नाम है क्या? ऐसे शब्द तो मैने गढ़े नहीं है। माई की यह बात सुनकर मुझे बरबस हंसी आ गई। हंसते-हंसते मैंने कहा- माई हिंदी में जिसे 'संकल्प' कहते हैं। उसे ही विदेशी अंग्रेजी भाषा में 'रेजोल्यूशन' कहते हैं। इतना सुनते ही सरस्वती माई माथा ठोकते हुए बोली- तुम्हारे बढ़ते हुए ज्ञान को देखकर मुझे खुशी तो हो रही है पर मुझे ऐसा आभार हो रहा है कि तुम लोग विदेशी भाषा को बोलते समय गर्व महसूस करते हो और अपनी बोली भाषा से परहेज करते हो। अपनी बात को आगे बढ़ाने के पहले माई लंबी सांस छोड़ते हुए बोली- बेटा,मेरी बात कान खोल कर सुन लो। तुम्हारे जैसे ना जाने कितने लोग कर्म- धर्म को निभाने की कसम खाते हैं। संकल्प लेते हैं पर वह केवल चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात की तरह ही होती है। देख लेना दो-चार दिन के बाद तुम भी मेरी पूजा पाठ करना भूल जाओगे और मैं फिर से धूल धूसरित हो जाऊंगी।तुम लोग...... । माई की बात को बीच में ही काटते हुए मैंने बलपूर्वक कहा -नहीं नहीं माई ।अब दुबारा ऐसी गलती नहीं करूंगा। करबद्ध विनती कर रहा हूं। अपनी कृपा दृष्टि मुझ पर बनाए रखना। सावन की झड़ी की तरह आशीर्वाद की वर्षा करना ताकि मेरी कलम की धार अनवरत बनी रहे। कलम से निकली कहानी-कविताओं से मुझे पद्मश्री जैसे पुरस्कार की प्राप्ति हो।अगर आपकी ऐसी महान अनुकंपा हुई तो मैं पाव भर पेड़ा आपके चरणों में अर्पित करूंगा। वाह बेटा वाह। कहते हुए माई खिल खिलाकर हंस पड़ीं और बोली -यही है आजकल के सपूतों का रंग ढंग। जो मां तुम्हें जन्म देती है। खुद भूखी रहकर अपना खून जलाकर तुम्हें दूध पिलाती है।पालती पोसती है। उसकी कीमत तुम लोग पाव भर पेड़ा के बराबर समझते हो। इतना कहते कहते माई का गला भर आया था। वह रूंधे गले से बोली- बेटा मेरी इस बात को हृदय में आजीवन बसाकर रखना कि मइयां का प्यार उधार में नहीं मिलता और मइयां का दूध भी बाज़ार में खरीदने पर नहीं मिलता। माई इतना कह कर क्षण भर रूक गई।अपनी आंखों से छलकते हुए आंसुओं को पोंछने के बाद बोलीं-यह बात तो तुम जानते हुई हो कि बसंत पंचमी के दिन ही मेरी वीणा के झंकार से ध्वनि की उत्पत्ति हुई थी। जीव-जंतुओं सहित प्रकृति में सूर- लय- ताल- शब्दों की संरचना हुई थी। ऐसे गुणों से युक्त जो माई तुम्हें जन्म देकर बोलना सिखाती है।बड़े होकर उसी माई को तुम लोग चुप रहना सिखा देते हो।यह बस देखकर तो लगता है कि माई की भलाई तो इसी में है कि वह कपूतों को जन्म देने के बजाय बांझ ही बनी रहे। सरस्वती माई के एक-एक शब्द मेरे भीतर नोकदार आरी की तरह चल रहे थे। अब रोने सिसकने की बारी मेरी आ गई थी।माई की फोटो को छाती से लिपटाते हुए मैंने कहा- क्षमा करना माई। मेरी आंखों में स्वार्थ का जाला पड़ गया था। आज वह पूरी तरह से धूल गया है।आज के बाद किसी भी माई को मान सम्मान देने में कमी नहीं करूंगा। मेरा दृढ़ संकल्प है। मेरी बात सुनकर सरस्वती माई के चेहरे पर मुस्कान आ गई। वह मेरे सिर पर हाथ रखते हुए बोली- बेटा जब जागे तभी सबेरा। मेरा आशीर्वाद है तुम्हारी कलम की धार सदा सही दिशा में बहती रहे।

### सू- दोकू क्र.294

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.293 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

### शब्द सामर्थ्य -294


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 293 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | यी | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## राशिफल

मेष राशि - महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफल होंगे आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज बिजनेस में नए कामों को लेकर बनाई योजनाओं पर काम होगा। सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। भूमि तथा वाहन से संबंधित व्यावसायिक गतिविधियों में सुधार आएगा। नौकरी में लक्ष्य व टारगेट को पूरा करने का दबाव बना रहेगा। अपने सहयोगियों की मदद से आप उसे हल करेंगे। आज अपने अनुभव से किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफल होंगे। आज विरोधी आपसे दुरी बनाकर रहेंगे।

वृष राशि - इस राशि के स्टूडेंट अपनी पढ़ाई पर फोकस रहेंगे आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका स्वाभिमान और हिम्मत आपकी सबसे बड़ी संपत्ति साबित होगी। आपके इसी स्वभाव की वजह से घर तथा बाहर मान-सम्मान बना रहेगा। अनुभवी तथा जिम्मेदार लोगों का मार्गदर्शन आपको और अधिक मजबूत बनाएगा। इस राशि के स्टूडेंट अपनी पढ़ाई पर फोकस रहेंगे। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। आज आपको कुछ नए जन संपर्कों से लाभ मिलेगा।

मिथुन राशि - सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज पिछले कुछ गलतियों से सीख लेकर अपनी वर्तमान कार्य प्रणाली में सुधार लाएंगे। इससे आपको अपने कामों को उचित तरीके से करने में सहायता मिलेगी, आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। आज व्यावसायिक संबंधी गतिविधियां सामान्य ही रहेगी। सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। आज ऑफिस के काम सुचारू रूप से संपन्न होते रहेंगे।

कर्क राशि - आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवस्थित दिनचर्या रहने और उसके बेहतर परिणाम मिलने से मन में संतुष्टि का भाव बना रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में कुछ समय बीतेगा। किसी जन्मदिन या अन्य पार्टी में जाने का अवसर मिलेगा तथा लोगों से मेल मिलाप होगा। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि - आज वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी व्यवस्थित कार्यप्रणाली के बेहतर परिणाम मिलने वाले हैं, इसलिए खूब मन लगाकर मेहनत करेंगे। राजनीति में आपकी सक्रियता और वर्चस्व बढ़ेगा। साथ ही आप अपनी फिटनेस पर भी समय देंगे। आज वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। किसी मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा करेगी। जिससे मन प्रफुल्लित रहेगा। आज बदलते वातावरण की वजह से सावधानी रखना अति आवश्यक है। दांपत्य जीवन तथा घर की व्यवस्था में मधुरता तथा आपसी सामंजस्य उचित रहेगा।

कन्या राशि - आज किसी परेशानी से मिलेगी मुक्ति आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अगर घर में रख-रखाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो उसमें वास्तु के नियमों का अवश्य प्रयोग करें। इस समय आपकी समस्या हल हो सकती है। पारिवारिक तथा सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व भी रहेगा और लोग आपकी सलाह को महत्व देंगे। आज जीवनसाथी व परिवार जनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। पहले से चली आ रही उलझन आज ख़त्म होगी।

तुला राशि - रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीकों को और बेहतर बनाने के लिए बहुत मेहनत और एकाग्रता की जरूरत रहेगी। मुश्किल वक्त में किसी काबिल इंसान की सलाह लेना अच्छा रहेगा। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को यात्रा करनी पड़ सकती है। आज पारिवारिक वातावरण खुशनुमा और सौहार्दपूर्ण रहेगा।

वृश्चिक राशि - आज धार्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। घर तथा व्यवसाय दोनों जगह उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे तथा व्यक्तिगत कार्यों के लिए भी समय निकालने में सफल रहेंगे। व्यक्तिगत रिश्ते में घनिष्ठता आएगी। बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद व स्नेह से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज बिजनेस करने वालों के लिए समय अच्छा है। संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में समय बिताएंगे। आज ऑफिस से संबंधित कार्यभार की अधिकता बनी रहेगी। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा।

धनु राशि - दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में किसी काम को कल पर न टालकर सही समय पर काम शुरू करने की कोशिश करेंगे तो आपको ज्यादा लाभ होगा। आपकी व्यवस्था बनी रहेगी और इनकम भी बढ़ेगी। स्टाफ और कर्मचारियों का भी सहयोग व्यावसायिक गतिविधियों को और अधिक उत्तम बनाएगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे।

मकर राशि - आज परेशानियों का होगा अंत आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज आपकी किसी योजना को मूल रूप मिलने वाला है। इसलिए अपने प्रयासों में कमी न आने दे। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय जरूर देंगे। इससे आप शारीरिक और मानसिक रूप से सकारात्मक बने रहेंगे। किसी मनोरंजक यात्रा का भी प्लान बन सकता है। निजी जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

कुंभ राशि - नौकरी कर रहे लोगों के ऑफिस का वातावरण खुशनुमा रहेगा आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज मार्केटिंग संबंधी काम पूरा करने पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज सभी व्यवसायिक काम सुचारू रूप से होते जाएंगे, इसलिए अपनी पूरी मेहनत व ध्यान अपने कामों पर ही केंद्रित रखें। नौकरी कर रहे लोगों के ऑफिस का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आज जरूरत पडऩे पर किसी अनुभवी से सलाह लेना उचित रहेगा। ससुराल पक्ष के साथ रिश्ते मधुर बनाकर रखें। घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह का भी जरूर अनुसरण करेंगे।

मीन राशि - आज पारिवारिक गतिविधियों में अपना योगदान रखेंगे आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज इनकम बढ़ाने की दिशा में चल रही कोशिश सफल होने के योग है। बच्चों द्वारा शुभ समाचार मिलने से घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का समाधान निकलेगा। आज पारिवारिक गतिविधियों में अपना योगदान रखेंगे। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी दिनचर्या और खान-पान को संयमित ही रखें। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**यादें**

# एक महानायक की कहानी : नेताजी सुभाष चंद्र बोस और पराक्रम दिवस

**सुनील कुमार महला**

23 जनवरी को, वर्ष 2021 से भारत में 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। वास्तव में, यह दिवस भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके अदम्य साहस, उनकी वीरता और राष्ट्रप्रेम को समर्पित है। पाठकों को बताता चलूं कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हुआ था तथा इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में हम उनकी 129वीं जयंती मनाने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहला पराक्रम दिवस कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में आयोजित किया गया था, जबकि वर्ष 2022 में नई दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी की भव्य होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया गया।नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माता का नाम प्रभावती दत्त बोस था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल में हुई और आगे चलकर उन्होंने कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में अध्ययन किया। यहीं से उनके भीतर ब्रिटिश शासन के प्रति विरोध की भावना और अधिक प्रबल हुई। जानकारी मिलती है कि प्रेसीडेंसी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान एक अंग्रेज प्रोफेसर ओटीन द्वारा भारतीयों के प्रति की गई नस्लीय टिप्पणी का उन्होंने खुलकर विरोध किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था।वर्ष 1919 में सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय सिविल सेवा (आइसीएस) की परीक्षा उत्तीर्ण की और चौथा स्थान प्राप्त किया, जो उस समय किसी भी भारतीय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि थी। किंतु देशसेवा को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने इस प्रतिष्ठित पद से इस्तीफा दे दिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उनके क्रांतिकारी विचारों और गतिविधियों के कारण उन्हें 1921 से 1941 के बीच 11 बार जेल जाना पड़ा। यह एक रोचक तथ्य है कि 1930 में जेल में रहते हुए ही वे कलकत्ता के मेयर भी चुने गए। नेताजी स्वामी विवेकानंद से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्हें अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे। उनके राजनीतिक गुरु देशबंधु चित्तरंजन दास थे तथा वे रामकृष्ण परमहंस, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के 'आनंद मठ' तथा भारतीय दर्शन से भी प्रेरित थे। उन्होंने पश्चिमी और भारतीय विचारों का अद्भुत समन्वय किया। वर्ष 1921 में उन्होंने चित्तरंजन दास की स्वराज पार्टी द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र 'फॉरवर्ड' के संपादन का कार्य भी संभाला। पाठकों को बताता चलूं कि नेताजी पूर्ण स्वराज के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट का विरोध किया, जिसमें भारत को डोमिनियन स्टेटस देने की बात कही गई थी। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि डोमिनियन स्टेटस ब्रिटिश साम्राज्य की वह राजनीतिक व्यवस्था थी, जिसके अंतर्गत किसी उपनिवेश को आंतरिक स्वशासन प्रदान किया जाता था, लेकिन वह देश ब्रिटिश क्राउन (राजा/रानी) के अधीन ही रहता था। ऐसे देशों को अपने घरेलू मामलों में स्वतंत्रता होती थी, पर विदेश नीति, रक्षा और संवैधानिक सर्वोच्चता में ब्रिटेन का प्रभाव बना रहता था। भारत के संदर्भ में डोमिनियन स्टेटस का अर्थ था कि भारत एक स्वशासित राष्ट्र बन जाए, किंतु पूर्ण स्वतंत्र गणराज्य न होकर ब्रिटिश सम्राट को अपना संवैधानिक प्रमुख माने। इसी कारण महात्मा गांधी और कांग्रेस के कई नेताओं ने प्रारंभ में डोमिनियन स्टेटस को अपूर्ण स्वतंत्रता मानते हुए अस्वीकार किया और बाद में पूर्ण स्वराज की माँग को लक्ष्य बनाया।संक्षेप में कहें तो, डोमिनियन स्टेटस



स्वतंत्रता की दिशा में एक अंतरिम और सीमित व्यवस्था थी, न कि संपूर्ण स्वतंत्रता। वे 1930 के नमक सत्याग्रह में सक्रिय रहे और गांधी-इरविन समझौते तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन के स्थगन का विरोध किया। दूसरे शब्दों में कहें तो सुभाष चन्द्र बोस नमक सत्याग्रह के वैचारिक, संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर सक्रिय सहभागी थे, भले ही वे दांडी मार्च के प्रत्यक्ष सत्याग्रही न रहे हों। यद्यपि महात्मा गांधी से उनके वैचारिक मतभेद थे, फिर भी 'राष्ट्रपिता' कहकर गांधी जी को संबोधित करने वाले वे पहले नेता थे। यहां यह भी गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नेताजी ने जर्मनी से 'आज़ाद हिंद रेडियो' की शुरुआत की, जिसके माध्यम से उन्होंने भारतीयों को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जागरूक किया। उनका प्रसिद्ध नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' भारत में नहीं, बल्कि बर्मा (म्यांमार) में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए दिया गया था। 'दिल्ली चलो' का नारा भी उन्हीं की देन है। यह भी कम लोग जानते हैं कि रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित 'जन गण मन' को राष्ट्रगान के रूप में सबसे पहले आज़ाद हिंद फौज ने अपनाया। इतना ही नहीं, नेताजी ने जापान की सहायता से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को अंग्रेजों से मुक्त कराया और वहाँ पहली बार स्वतंत्र भारत का झंडा फहराया तथा उनके नेतृत्व में गठित आज़ाद हिंद सरकार को जापान, जर्मनी, इटली सहित लगभग 9 देशों ने मान्यता दी थी। आजाद हिंद फौज का गठन 1942 में हुआ था। मान्यता देने वालों में क्रोएशिया, बर्मा, थाईलैंड, फिलीपींस, मंचूरिया और चीन गणराज्य (वांग जिंगवेई के अधीन) भी शामिल थे। उन्होंने 'रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट'(आइएनए महिला रेजीमेंट) का गठन किया, जो एशिया की पहली पूर्णतः महिला सैन्य टुकड़ी थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय सेना (आइएनए,जिसे आजाद हिंद फौज भी कहा जाता है) का गठन प्रारंभ में कैप्टन मोहन सिंह और जापानी मेजर इविची फुजिवारा के नेतृत्व में हुआ। इसमें ब्रिटिश-भारतीय सेना के युद्धबंदी, सिंगापुर की जेलों में बंद भारतीय तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के भारतीय नागरिक शामिल थे। बाद में इसकी संख्या बढ़कर लगभग 50,000 हो गई। वर्ष 1944 में आइएनए ने इम्फाल और बर्मा में मित्र देशों की सेनाओं से मुकाबला किया। नवंबर 1945 में जब अंग्रेजों ने आइएनए के सैनिकों पर मुकदमे चलाए, तो पूरे भारत में व्यापक जन-आंदोलन हुआ। नेताजी केवल क्रांतिकारी नेता ही नहीं थे, बल्कि वे उपनिषद, गीता, वेदांत और योग दर्शन के गंभीर अध्येता भी थे। वे मानते थे कि भारत की स्वतंत्रता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पुनर्जागरण से भी जुड़ी है। 'जय हिंद' का नारा उन्होंने स्वयं नहीं गढ़ा, लेकिन इसे आज़ाद हिंद फौज का आधिकारिक अभिवादन बनाकर जन-जन तक पहुँचाया। आज यह भारत का राष्ट्रीय अभिवादन है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने के बाद 16 अगस्त 1945 को जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद नेताजी जापानी विमान से दक्षिण-पूर्व एशिया छोड़कर चीन की ओर रवाना हुए। कहा जाता है कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और वे गंभीर रूप से घायल हो गए, किंतु उनकी मृत्यु को लेकर आज भी अनेक रहस्य बने हुए हैं।इस प्रकार, सुभाष चंद्र बोस केवल एक क्रांतिकारी नेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक, अनुशासित सेनानी और आध्यात्मिक राष्ट्रभक्त थे। उनका सपना केवल भारत को आज़ाद कराना नहीं था, बल्कि उसे सशक्त, आत्मनिर्भर, समानतामूलक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाना था। नेताजी का जीवन आज भी प्रत्येक भारतीय को त्याग, साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है।

छत्तीसगढ़ व तेलंगाना सीमा पर सुरक्षा के लिए

# करीगुट्टा क्षेत्र में 4 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस कैंप स्थापित

**बीजापुर, 22 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित नक्सल प्रभावित करीगुट्टा क्षेत्र में 4 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) कैंप स्थापित किए गए हैं। इनमें से दो कैंप छत्तीसगढ़ सरकार ने ताड़पाला में स्थापित किए हैं, जबकि तेलंगाना के मुलुगु जिले के वेंकटपुरम मंडल के पामनूर गांव में सीआरपीएफ की 39वीं बटालियन का एक नया एफओबी कैंप बुधवार को विधिवत उद्घाटित किया गया। पामनूर कैंप के उद्घाटन समारोह में तेलंगाना सीआरपीएफ के आईजी विक्रम सिंह, मुलुगु जिले के एसपी सुधीर रामनाथ केकन और एतुरूनगरम के एएसपी मनन भट्ट उपस्थित रहे। इस दौरान आईजी विक्रम सिंह ने कैंप परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सुरक्षाबलों के अनुसार यह कैंप



नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले करेंगुटा क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं, जो क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वेंकटपुरम और वाजेडु मंडल की सीमा पर स्थित मेरुमुरु गांव से लगभग 8 किलोमीटर दूर बीहड़ अटुवई जंगल क्षेत्र से होते हुए करीगुट्टा तक एक सड़क का निर्माण किया गया है, जिसे स्थानीय लोग दंडकारण्यम मार्ग कहते हैं।बता दें कि दो महीने पहले मेरुमुरु गांव में पहला एफओबी कैंप स्थापित किया गया था, जिसके बाद अब पामनूर में यह दूसरा कैंप शुरू किया गया है।तेलंगाना सीआरपीएफ के आईजी विक्रम सिंह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के कानून-व्यवस्था विभाग से मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होने बताया कि आजादी के बाद पहली बार इस दुर्गम जंगल क्षेत्र के गांवों में सोलर वाटर प्लांट और सोलर पावर प्लांट लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक अस्थायी मेडिकल कैंप भी स्थापित किया जा रहा है।

## शिक्षक खगेन्द्र को नवाचारपूर्ण शिक्षण के लिए कलेक्टर ने किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 22 जनवरी ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढरेपाल, विकासखंड बकावंड के शिक्षक खगेन्द्र पाढ़ी ने नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों से विनोबा ऐप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, नई शिक्षा पद्धति, मॉडल मेकिंग एवं ड्रामा जैसी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों के वीडियो प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर उन्होंने प्रभावी शिक्षण का उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें ÷पोस्ट ऑफ द मंथ÷ का सम्मान प्राप्त हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जिला कलेक्टर एस. हरिश द्वारा खगेन्द्र पाढ़ी को एजुकेशन हीरो इन एक्शन बैग एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके इस नवाचारपूर्ण प्रयास से न केवल विद्यार्थियों को लाभ मिला है, बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। इस अवसर पर बीईओ चंद्रशेखर यादव, विकासखंड स्रोत समन्वयक सोनसिंह भारती, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य गोवर्धन पानीग्राही सहित समस्त विद्यालय परिवार ने श्री पाढ़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वन्य प्राणी भालू की हुई मौत



**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** बस्तर जिले के जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर पुराने टोल नाका मेटावाड़ा के पास आज बुधवार सुबह तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक वन्य प्राणी भालू की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने भालू को जोरदार टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा ने बताया कि घटना स्थल से वाहन के कई टूटे हुए हिस्से बरामद किए गए हैं, जिससे तेज रफ्तार वाहन की टक्कर की पुष्टि होती है। वन विभाग के अनुसार, भालू के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। एसडीओ देवलाल ने बताया कि वन विभाग ने मामले की जांच कर रही है। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जिससे वाहन और चालक की पहचान की जा सके। विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को घटना से संबंधित जानकारी हो तो वह वन विभाग को सूचित करे।

### गणतंत्र दिवस पर बस्तर के हर गांव में लगेगा उल्लास मेला

**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** बस्तर जिले में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व केवल ध्वजारोहण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इस दिन पूरा जिला साक्षरता के एक नए उत्सव का गवाह बनेगा। जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन को धरातल पर उतारने के लिए एक अनूठी पहल की है, जिसके तहत गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के प्रत्येक गांव में उल्लास मेला का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मूल उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के केंद्र में वे वयस्क हैं जिनकी आयु 15 वर्ष से अधिक है और जो किसी कारणवश स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। प्रशासन का लक्ष्य इन वयस्कों को न केवल बुनियादी साक्षरता और अंकों का ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाकर समाज में सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल शिक्षा विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें पूरे मैदानी अमले की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। गांवों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और कोटवारों को अहम।

### गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर, 22 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त दिवस को जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान से संलग्न आहातों एवं एफ.एल. 4(क) व्यावसायिक क्लब व एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया गया है। कलेक्टर ने शुष्क दिवस के दौरान जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवार को दी गई 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील भानपुरी के ग्राम बड़े अलनार निवासी मोहित की मृत्यु पानी में डूबने से पिता रामचंद को, तहसील दरभा के ग्राम नेगानार निवासी चरन सिंह मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री काजल को, ग्राम केशापुर निवासी साक्षी की मृत्यु पानी में डूबने से पिता श्री सोनसिंह को और ग्राम भडरीमहू निवासी उमेश कुहरामी की मृत्यु पानी में डूबने से माता श्रीमती केश्लो को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## निगम जुर्माना वसूली को ही स्वच्छता समझ रहे हकीकत में सफाई व्यवस्था बेहाल:राजेश चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 जनवरी।** नगर पालिक निगम जगदलपुर की सफाई व्यवस्था को लेकर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने महापौर संजय पांडे और निगम प्रशासन पर हमला बोलते हुए कहा है कि शहर में स्वच्छता पूरी तरह चरमराई हुई है।

लेकिन जिम्मेदारी निभाने के बजाय महापौर और निगम के अधिकारी शहर वासियों से जुर्माना वसूली को ही स्वच्छता समझ रहे हैं । राजेश चौधरी ने आज बुधवार को जारी बयान में कहा कि महापौर केवल दलपत सागर की सफाई दिखाकर स्वच्छता का ढिंढोरा पीट रहे हैं, जबकि शहर के अधिकांश वार्डों में नालियां जाम हैं और कचरा सड़कों पर बिखरा पड़ा है। नियमित मॉनिटरिंग पूरी तरह नदारद है । सफाई कार्यों की अनदेखी के कारण स्थिति दिन. ब. दिन बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नालियों की सफाई के लिए जेसीबी मशीनों के उपयोग में राजनीतिक भेदभाव साफ नजर आ रहा है। कई वार्डों में जरूरत के बावजूद मशीनें नहीं भेजी जा रहीं । कचरा परिवहन के नियमों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। बिना ढकी गाड़ियां सड़कों पर कचरा गिराते हुए गुजर रही हैं । फुटपाथों पर लगे ठेले और दुकानों से रात्रिकालीन कचरा संग्रहण व्यवस्था लगभग बंद हो चुकी है।

## फसलचक्र परिवर्तन नई पहचान बन रही धमतरी की



**धमतरी, 22 जनवरी ।** धान की परंपरागत खेती के लिए पहचाने जाने वाले रत्नागर्भा जिला धमतरी में अब कृषि नवाचार और जल संरक्षण की नई इबारत लिखी जा रही है। वर्षों से धान-प्रधान खेती पर निर्भर इस जिले में पहली बार बड़े पैमाने पर फसलचक्र परिवर्तन को व्यवहार में उतारते हुए कम जल मांग वाली, अधिक लाभकारी और पर्यावरण-अनुकूल फसलों को बढ़ावा दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप जिले में तिलहन का रकबा दोगुने से अधिक, दलहनी फसलों में उल्लेखनीय वृद्धि तथा मूंगफली और सूरजमुखी जैसी नई फसलों की सफल शुरुआत हुई है। यह परिवर्तन किसी एक योजना का नहीं, बल्कि जिला प्रशासन की सुविचारित रणनीति, सतत निगरानी और किसानों की सक्रिय भागीदारी का प्रतिफल है।

इस परिवर्तन की धुरी बने कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, जिनके नेतृत्व में फसलचक्र परिवर्तन को एक जन-अभियान का रूप दिया गया। उन्होंने स्वयं गांव-गांव पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया, किसानों से सीधा संवाद किया और उन्हें धान के विकल्प के रूप में दलहन, तिलहन एवं लघु धान्य फसलों के लाभ समझाए। कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि जल संरक्षण के बिना कृषि का भविष्य सुरक्षित नहीं है और इसके लिए फसल विविधीकरण अनिवार्य है। उनके मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा वैज्ञानिक पद्धतियों, उन्नत बीजों, आधुनिक कृषि तकनीकों और बाजार से जुड़ी जानकारियों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया।प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण होने के बावजूद धमतरी जिले में लगभग 30,000 नलकूपों के माध्यम से भू-जल दोहन होने के कारण जल संकट की स्थिति लगातार गहराती जा रही थी। जिले में 1,58,180 कृषक कृषि प्रणाली के मुख्य आधार स्तंभ हैं।

## ग्राम सभा का आयोजन 23 से 28 जनवरी तक

**कांकेर, 22 जनवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में दिए गए प्रावधानों के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 23 से 28 जनवरी तक ग्राम सभा आयोजन के लिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा का आयोजन किया जावे, एक ही तिथि में ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन न किया जाए। उन्हांने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्राम सभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्राम सभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्राम सभा आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाए, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ''ग्रामसभा निर्णय'' (GS NIR-NAY) मोबाईल एप में अपलोड कर ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल https://meetingonline.gov.in एवं GPDP पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 30 जनवरी 2026 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सांसद भोजराज नाग

**कांकेर, 22 जनवरी।** जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री भोजराज नाग होंगे। उनके द्वारा शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी।उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व मार्च पास्ट का रिहर्सल किया जा रहा है।

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों जैसे जिला पंचायत, वन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, क्रेडा, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य पालन, रेशम, उद्यानिकी, जल संसाधन, उद्योग एवं व्यापार केंद्र, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, पुलिस इत्यादि विभागों के द्वारा शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित विभागीय झांकी भी निकाली जाएगी।

## बड़ांजी की महिलाएं 36 पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगा कर रहीं प्रथम स्थान पर



**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** बस्तर की माटी की सोंधी खुशबू और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक बार फिर चर्चा में है। पिछले दिनों धाराउर में आयोजित लोहंडीगुड़ा विकासखंड स्तरीय बस्तर पण्डुम पूरी तरह से बस्तरिया लोक-संस्कृति और पारंपरिक खान-पान के रंगों में रंगा नजर आया। इस आयोजन का आकर्षण बड़ांजी की महिलाओं का वह दल भी रहा, जिसने अपनी पाककला के अदभुत प्रदर्शन से न केवल निर्णायकों का दिल जीता, बल्कि प्रथम स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में बड़ांजी की महिलाओं ने बस्तर के खान-पान की विविधता को एक ही मंच पर उतार दिया। उन्होंने एक या दो नहीं बल्कि पूरे 36 प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। उनकी थाली में सेहत और स्वाद का बेजोड़ संगम देखने को मिला, जिसमें मुख्य रूप से बस्तर की पहचान माने जाने वाले मंडिया पेज और कोदो भात शामिल थे। इसके साथ ही स्वाद को बढ़ाने के लिए बस्तर की मशहूर चापड़ा चटनी और केउ कंद से बनी केउ चटनी ने आगंतुकों को उंगलियां चाटने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पारंपरिक आमट और पौष्टिक मुनगा भाजी जैसे व्यंजनों ने यह साबित कर दिया कि बस्तर का भोजन अपने जायके के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी खजाना है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे बड़ांजी की मातृशक्ति का कठोर परिश्रम और अपनी जड़ों के प्रति प्रेम है। टीम में शामिल कोयली मंडन, कमली बघेल, सुकरी मंडावी, चम्पा कश्यप, निरबती और चंद्रकांती ने मिलकर इन 36 व्यंजनों को तैयार किया। इन महिलाओं ने यह दिखा दिया कि आधुनिकता के दौर में भी वे अपनी रसोइयों में बस्तर की सदियों पुरानी परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। विकासखंड स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने और प्रथम पुरस्कार जीतने के बाद अब इन महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह विजेता टीम अब जगदलपुर में आयोजित होने वाले आगामी जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम में अपने हुनर का प्रदर्शन करेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि जिस तरह धाराउर में इन्होंने अपने 36 व्यंजनों का जादू चलाया, वैसा ही स्वाद और बस्तरिया संस्कृति का गर्व वे जगदलपुर के मंच पर भी प्रस्तुत करेंगी।

### जिला पंचायत स्थायी समितियों की बैठकों में लापरवाही पर नोटिस जारी

**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** जिला पंचायत बस्तर में स्थायी समितियों की बैठकों को लेकर बरती जा रही उदासीनता पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने नोटिस जारी करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा है कि भविष्य में कार्य में कोताही बरतने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा नवंबर 2025 में ही निर्देश दिए गए थे कि पंचायतीराज अधिनियम 1994 के नियमों के तहत स्थायी समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। लेकिन संज्ञान में यह बात आई कि संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो हर महीने बैठकें बुलाई जा रही हैं और न ही बैठकों की जानकारी कार्यालय को भेजी जा रही है, जिसे सीईओ ने प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से जारी किए गए इस स्मरण-पत्र में अब बैठकों के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित कर दी है। नए निर्देशों के अनुसार अब हर महीने की 15 तारीख तक स्थायी समितियों की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करनी होगी।

## जनसमस्या निवारण शिविर में पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिला

**दंतेवाड़ा, 22 जनवरी ।** जिले के अंतिम छोर तक के ग्राम पंचायतों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत मदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस षिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पहुंचकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ प्रदान किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को सुविधाओं से जोड़ना रहा।




ग्राम मदाड़ी में हुए शिविर में आधार कार्ड अपडेट एवं इनरोलमेंट, श्रम कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण के साथ-साथ गोद भराई कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 61 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें मलेरिया, बीपी एवं मधुमेह की जाँच शामिल रही। शिविर में 03 आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा 05 आयुष्मान कार्ड ऑनलाइन प्रदान किए गए। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राशि आहरण कर हितग्राहियों को वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सुकालू मुड़ामी, श्री सुमित भदौरिया, मदाड़ी सरपंच श्री राजू, जनपद पचायत सीईओ श्री मुन्ना राम कष्यप एवं विभाग के विभागीय अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कांकेर, 23 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 01 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापन के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के लगभग 01 लाख 19 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 02 लाख 05 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा 20 जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे।व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है, जिसके अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेने की सलाह दी गई है, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के लिए कहा गया है, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगी, इसलिए मुख्य द्वार प्रातः 09 बजे बंद कर दिया जावेगा। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 03 बजे से प्रारंभ होगा, अतः मुख्य द्वार दोपहर 2.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आने कहा गया है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर, बिना पॉकेट की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा।धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने के निर्देश है, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

### बस्तर पर्यटन को नई ऊंचाई देने की तैयारी

**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** बस्तर की नैसर्गिक सुंदरता और यहाँ की अद्वितीय आदिवासी संस्कृति को अब वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक ठोस और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा जिले में होमस्टे नीति 2025-30 को धरातल पर उतारने और इसे गति देने के उद्देश्य से सोमवार को एक आदेश जारी किया गया है, जिसका सीधा लाभ यहाँ के स्थानीय निवासियों को मिलने वाला है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा हाल ही में लागू की गई इस महत्त्वाकांक्षी नीति का मूल उद्देश्य केवल पर्यटन का विस्तार करना नहीं है, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस नीति के जरिए स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और वे अपने घरों को पर्यटकों के लिए खोलकर अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम हो सकेंगे। इस पहल के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले पर्यटक छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव सीधे ग्रामीणों के बीच रहकर कर सकेंगे, जो कि एक यादगार अनुभव होगा।इस योजना के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब होमस्टे नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, होमस्टे निर्माण से जुड़े विकास कार्यों और शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के वितरण को गति प्रदान करने से आने वाले समय में बस्तर पर्यटन के मानचित्र पर एक नए स्वरूप में उभरेगा, जहाँ विकास और परंपरा साथ-साथ चलेंगे।

### शासकीय विद्यालय करीतगांव में 'युवा दौड़' का आयोजन

**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** जिले के बकावंड ब्लॉक स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में बुधवार 21 जनवरी को ऊर्जा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'युवा दौड़' का गरिमामय आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के राष्ट्रीय सेवा योजना कैडेटों का अनुशासन और समर्पण रहा।

दौड़ के शुभारंभ से पूर्व सभी कैडेटों ने युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात पूर्ण अनुशासन के साथ उन्होंने दौड़ प्रारंभ की और उसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया। स्वस्फूर्त होकर दौड़े इन युवाओं ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि स्वामी जी के आदर्शों को भी अपने आचरण में उतारा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही। संस्था की प्राचार्य श्रीमती मोनिता पानिग्राही और व्याख्याता श्री लुप्तेश्वर आचार्य ने उपस्थित रहकर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी श्री राहुल सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री वाणी हुमने और श्री लोकेश निषाद ने भी अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना कैडेटों की उपस्थिति ने इस युवा दौड़ को एक यादगार आयोजन बना दिया।

### छत्तीसगढ़ में रोजगार के नए अवसर

**जगदलपुर, 22 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी के द्वार खुलने जा रहे हैं, जहाँ राज्य शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में एक राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार में 29 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र में तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रेणी के लगभग 15 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर के उपसंचालक श्री जय प्रकाश कौशिक ने जानकारी दी कि इस मेले में बस्तर संभाग के अभ्यर्थियों के लिए एक विशेष दिन निर्धारित किया गया है। बस्तर जिले सहित संभाग के अन्य सभी जिलों के आवेदकों का साक्षात्कार मेले के अंतिम दिन यानी शनिवार 31 जनवरी को लिया जाएगा।

## धान खरीदी में अनियमितता पर प्रशासन की कार्रवाई

# डाटा एंट्री आपरेटर निलंबित, फड़ प्रभारी कार्य से पृथक

**रायगढ़, 22 जनवरी।** जिले के धान उपार्जन केंद्र तमनार में धान खरीदी कार्य के दौरान गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। जिला नोडल अधिकारी धान उपार्जन केंद्र तमनार द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 19 जनवरी 2026 को कृषक चन्द्रमणी पिता हरीशचंद्र निवासी झिंकाबहाल द्वारा धान विक्रय हेतु उपार्जन केंद्र में धान लाया गया था। प्रारंभिक जांच में 85 बोरी धान अमानक पाए जाने पर उसे पृथक किया गया, जबकि शेष मानक धान को ढालकर नमी मापी गई तथा बोरे में भरकर वजन कराया गया। जांच के दौरान कुल 383 बोरी धान का वजन सही पाया गया। समिति प्रबंधक को उक्त मानक धान की खरीदी के निर्देश दिए गए थे, किंतु



समिति द्वारा संधारित रजिस्टर एवं कंप्यूटर प्रविष्टियों की जांच में गंभीर गड़बड़ी सामने आई। जांच में पाया गया कि समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कृषक के नाम पर 662 बोरी धान (264.80 क्विंटल) की खरीदी दर्ज की गई, जबकि वास्तविक रूप से केवल 383 बोरी धान ही खरीदी योग्य थी। इस प्रकार 279 बोरी धान (111.6 क्विंटल) की फर्जी खरीदी किया जाना स्पष्ट हुआ। यह कृत्य छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा धान खरीदी के संबंध में जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित तमनार (पंजीयन क्रमांक 241) के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री अमित साव को धान खरीदी कार्य में गंभीर अनियमितता, लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही, धान खरीदी केंद्र तमनार के फड़ प्रभारी श्री हेराम सिदार को कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर धान खरीदी कार्य से तत्काल पृथक कर दिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों से खिलवाड़ करने, फर्जी प्रविष्टि करने अथवा शासन के निर्देशों की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही है तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 3 सदस्यीय उड़नदस्ता गठित

**रायगढ़, 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 01 फरवरी 2026 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी-26) दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.45 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायगढ़ द्वारा आदेश जारी कर जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल परीक्षा अवधि के दौरान संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखेगा। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल जिला नोडल अधिकारी के संज्ञान में लाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा में जिन 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है इनमें दल 1 में तहसीलदार रायगढ़ श्री शिवकुमार डनसेना मोबा. 99812-47521, व्याख्याता श्री नीलेष वैद्य मोबा.94791-40110 एवं सहायक उप निरीक्षक श्री रमेष शर्मा मोबा.62619-79765 शामिल रहेंगे।

# गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित होंगे पोषण पुनर्वास केंद्र

### खनन प्रभावित क्षेत्र तमनार और कापू में 10-10 बिस्तरीय एनआरसी का होगा संचालन

**रायगढ़, 22 जनवरी।** जिले में कुपोषण की दर में प्रभावी कमी लाने तथा गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को सामान्य स्वास्थ्य श्रेणी में लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में खनन प्रभावित क्षेत्र तमनार एवं कापू में दो पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला खनिज न्यास मद से तमनार में 14 लाख 70 हजार रुपये एवं कापू में 19 लाख 50 हजार रुपये की लागत से 10-10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किए जाएंगे। इन केंद्रों के प्रारंभ होने से क्षेत्र में निवासरत गंभीर कुपोषित बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

बता दे कि पोषण पुनर्वास केंद्र 5 वर्ष से कम आयु के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य इकाई है, जहां बच्चों को उनकी माताओं अथवा देखभालकर्ताओं के साथ भर्ती कर विशेष चिकित्सीय उपचार, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य निगरानी एवं पोषण प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की जाती है। इसके साथ ही माताओं को बच्चों की घर पर बेहतर देखभाल, पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने की दशा में बच्चे के साथ अटेंडर के रूप में आए उसके एक परिजन को भोजन तथा 15 दिन तक 150 रुपये प्रतिदिन के आधार पर सहायता राशि भी दी जाती है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। रायगढ़ जिले में पोषण पुनर्वास केंद्रों के विस्तार से गंभीर कुपोषण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को नई मजबूती मिलेगी।

## एक नजर

### दिव्यांगों के लिए 23 जनवरी को रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प

**रायगढ़, 22 जनवरी।** दिव्यांगजनों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर में 23 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्स रायपुर में आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों का छत्तीसगढ़ ई-रोजगार पोर्टल (द्ग-ह्म्श्चद्बद्दड्डह्ल.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ) पर ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। कैम्प से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 0771-4044081 पर प्राप्त की जा सकती है समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव के 100 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को 10 हजार 500 रुपये से 14 हजार 500 रुपये मासिक वेतन के साथ ईपीएफ, इंसेंटिव एवं मेडिकल सुविधा प्रदान की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, फ्लोर-7, ब्लॉक-सी, सीबीडी बिल्डिंग, सेक्टर-21, नया रायपुर रहेगा।

### ग्राम पंचायत सचिव गिरधर साहू निलंबित

**रायगढ़, 22 जनवरी ।** जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत रजघट्टा के पंचायत सचिव श्री गिरधर साहू को आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खरसिया द्वारा पत्र क्रमांक 92 दिनांक 07 जनवरी 2026 के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खरसिया में पंचायत सचिव श्री साहू के विरुद्ध अपराध क्रमांक 620/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 3(5) में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

इसी के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 के अंतर्गत उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री साहू को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही इस अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है।

### कलेक्टर के निरीक्षण से धान उपार्जन में पारदर्शिता और व्यवस्थाएं सुदृढ़

**धमतरी, 22 जनवरी ।** शासन द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी अब अपने अंतिम चरण में है। जिले में धान उपार्जन की प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा लगातार स्वयं मैदानी स्तर पर धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने धमतरी, मगरलोड एवं कुरूद विकासखंड के धान खरीदी केंद्र बठेना, भोथली, बगौद, भाटागांव, कोड़ेबोड़, कोकड़ी, करेलीबड़ी, कुंडेल, मगरलोड एवं बोरसी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। कलेक्टर श्री मिश्रा अब तक जिले के तकरीबन 40 धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने धान बेचने आए किसानों सीधे रू-ब-रू हुए । उनसे संवाद किया । उन्होंने टोकन कटने की स्थिति, किसानों द्वारा धान विक्रय, रकबा समर्पण, धान उठाव एवं भुगतान प्रक्रिया की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन किसानों के टोकन पूर्व में ही कट चुके हैं, उनका धान प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी विलंब के खरीदा जाए। कलेक्टर ने कहा कि छोटे, सीमांत एवं वास्तविक किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रकबा समर्पण एवं फसल सत्यापन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा फर्जी बिक्री पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा मिलीभगत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्त कार्यवाही शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि पहली बार धान विक्रय हेतु टोकन कटवाने वाले किसानों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन किया जाए। सत्यापन के दौरान यदि फर्जी रकबा, अवैध धान बिक्री अथवा अन्य अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानपाठकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में माध्यमिक शालाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर

**रायगढ़, 22 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव के मार्गदर्शन में जिले की सभी शासकीय माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक ओ.पी. जिंदल स्कूल, पतरापाली, खरसिया रोड, रायगढ़ में आयोजित हुई। बैठक में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिले के शासकीय शालाओं के माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक, एडीपीओ भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा भूपेंद्र पटेल, परियोजना अधिकारी साक्षर भारत देवेंद्र कुमार वर्मा, समस्त ब्लॉक के बीईओ उपस्थित रहे।





समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति योजना में तेजी लाने, राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) में सभी पात्र विद्यार्थियों को शामिल करने, शालाओं में बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने, कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाने तथा 26 जनवरी को उल्लास कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.राव ने कहा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे इसके लिये राज्य से अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है, सभी को निर्धारित अवधि में सभी पात्र बच्चों की एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। डॉ.राव ने प्रधान पाठकों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने हेतु विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शिक्षकों को राज्य से निर्धारित वीएसके ऐप डाऊनलोड करके प्रतिदिन उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी शैलेंद्र कुमार कर्ण द्वारा छात्रवृत्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा ऑनलाइन एंट्री में आ रही असुविधा के बारे में जानकारी देकर उसका समाधान से अवगत कराकर 25 जनवरी तक शत-प्रतिशत पात्र छात्रों को ऑनलाइन एंट्री करने को कहा। साथ ही एनएम एमएस और प्रयास विद्यालय के लिये कक्षा 08 वीं में अध्ययनरत सभी पात्र छात्रों के जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान भुवनेश्वर पटेल ने कक्षा 8 वी में सभी छात्रों को अनिवार्यता एनएमएमएस एवं प्रयास का फॉर्म भराने और सभी छात्रों को कक्षा में अंतिम कालखंड में प्रतिदिन अभ्यास कराना और शनिवार को पूरे दिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना, शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, छात्रों को अधिक से अधिक प्रतियोगी परीक्षा के लिये तैयार करना रहा। सभी प्रधान पाठकों को दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए।

# अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की जा रही



**महासमुंद 22 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दो प्रकरणों में 330 कट्टा अवैध धान जप्त एवं एक कृषक से 21 एकड़ रकबे का समर्पण कराया गया। जिसमें बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खिराडेरा में अवैध धान के संग्रहण की सूचना प्राप्त होने पर मंडी अमले द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए 250 कट्टा धान जब्त किया गया। संबंधित प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई। वहीं तहसील बसना अंतर्गत ग्राम अंकोरी में अवैध धान परिवहन करते 80 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी (बिराजपाली) में बृजलाल साव के निवास पर धान के संबंध में सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि किसान का कुल पंजीकृत रकबा 39 एकड़ है, जिसमें से 21 एकड़ रकबे में धान फसल नहीं पाई गई। इस पर किसान द्वारा 21 एकड़ रकबा समर्पण करने हेतु सहमति दी गई। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन में अनियमितताओं पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# मानस चातकी वैदेही जी की अनिरुद्धाचार्य जी से आत्मीय भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,22 जनवरी।** श्री राघव किशोरी गौ संत सेवा ट्रस्ट की अध्यक्षा पूज्या मानस चातकी वैदेही जी एवं सचिव स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज ने माघ मेला प्रयागराज में विश्व विख्यात संत अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से आत्मीय मुलाकात की। अनिरुद्धाचार्य जी एवं वैदिही जी के बीच हुई इस मुलाकात में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं हिंदू राष्ट्र के विषय पर गहन चर्चा हुई। विश्व विख्यात अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी लगातार प्रयासरत है तथा प्रभु श्रीराम की कृपा से 500 साल पुराना संकल्प भव्य राम मंदिर बनकर पूर्ण हुआ वैसे ही हिंदू राष्ट्र के लिए हो रहे सफल प्रयासों से यह भी जल्द संभव होगा। उक्त संबंध में अनिरुद्धाचार्य जी ने पूज्या मानस चातकी वैदेही जी द्वारा रामकथा के माध्यम से सनातन धर्म एवं हिंदू राष्ट्र के प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# कलेक्टर ने जिले के शैक्षणिक संस्थानों का किया निरीक्षण

**रायगढ़, 22 जनवरी।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं एवं अधोसंरचना की वास्तविक स्थिति देखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्टर ने गढ़उमरिया में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर शैक्षणिक प्रगति, अध्ययन वातावरण एवं आवासीय सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा खेल मैदान के विकास तथा विद्यार्थियों के आवास हेतु अतिरिक्त भवन निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस संबंध में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को आवश्यक परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने गढ़उमरिया में संचालित नवगुरुकुल संस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें सतत अध्ययन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर रायगढ़ में नवगुरुकुल का संचालन किया जा रहा है, जहाँ 120 बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय दो वर्षीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवगुरुकुल में छात्राओं को इंजीनियरिंग, प्रोग्रामिंग, बिजनेस, डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। संस्था की नेतृत्व टीम में आईआईटी दिल्ली, एनआईटी सूरत, सेंट स्टीफेंस कॉलेज सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के पूर्व छात्र शामिल हैं। कलेक्टर ने महात्मा गांधी उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र गढ़उमरिया का भी निरीक्षण किया। इस दौरान शैक्षणिक वातावरण देखा गया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं अनुसंधान कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

# आबकारी विभाग ने अवैध महुआ मदिरा निर्माण तथा विक्रय पर की कार्रवाई



**महासमुंद 22 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी विभाग द्वारा अवैध महुआ मदिरा निर्माण तथा विक्रय पर बड़ी कार्रवाई की गई।

गश्त के दौरान आबकारी जिला स्तरीय टीम द्वारा ग्राम पलसापाली, थाना बलौदा एवं ग्राम सुखापाली, थाना सरायपाली तथा ग्राम पैकिन, थाना सिंघोड़ा क्षेत्र में संघन जांच करते हुए गैर जमानती के 08 प्रकरण तथा 01 जमानती प्रकरण कायम कर कुल 140 लीटर महुआ शराब तथा 3590 कि.ग्रा. महुआ लाहन बरामद किया गया। जिसका अनुमानित कुल बाजार मूल्य 2 लाख 7 हजार 500 रुपए है। उपरोक्त प्रकरणों में 03 व्यक्तियों क्रमशः अनिल निराला, विजय रत्नाकर एवं खगेश्वर रत्नाकर को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त आरोपियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) तथा 34(2), 59(क) के तहत न्यायालय से रिमांड लेकर जेल भेजा गया।उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मिर्ज़ा जफ़र बेग, हृदय कुमार तिरपुडे, नीरज कुमार साहू, शिवशंकर नेताम व अनिल कुमार झरिया तथा आबकारी आरक्षक-देवेश मांझी, प्रधान आरक्षक संजय मरकाम एवं वृत्त सरायपाली, बसना, सांकरा, महासमुन्द शहर/ग्रामीण के स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार की जांच के बाद व्यापारी सोनू अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**महासमुंद 22 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश एवं तहसीलदार सरायपाली द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर उड़ीसा राज्य से अवैध धान खपाने से संबंधित मामले में सरायपाली के धान व्यापारी सोनू अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। तहसीलदार सरायपाली द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया नियमों के उल्लंघन एवं अनियमितता की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण एवं संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए गए, जिसमें तथ्यों की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**महासमुंद 22 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार, 01 फरवरी 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली में परीक्षा प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:45 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में 4428 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्रों में पहुंचने की सलाह दी गई है। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि परीक्षा दो पालियों में आयोजित है, प्रथम पाली में प्रातः 09:30 बजे से शुरू होगी, इसलिए प्रवेश द्वार सुबह 09:00 बजे एवं द्वितीय पाली में दोपहर 03:00 बजे से परीक्षा प्रारम्भ होगी, इसलिए प्रवेश द्वार दोपहर 02:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी, तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूरी तरह वर्जित होंगे।

## ■ संभागायुक्त ने मतदान केन्द्र स्तर पर कार्यों का किया निरीक्षण कर कहा

# एसआईआर अभियान से लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती

**रायगढ़, 22 जनवरी।** संभागीय कमिश्नर बिलासपुर एवं रोल आब्जर्वर श्री सुनील जैन ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के साथ जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्र स्तर पर एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दावा-आपत्तियों की स्थिति, उनके निराकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से सीधे संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दलों द्वारा नामांकित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) से भी चर्चा कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही इस अभियान में सहयोग करने की अपील की।



संभागायुक्त ने विधानसभा क्षेत्र खरसिया अंतर्गत पतरापाली एवं कुनकुनी, रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयुष कार्यालय तथा धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घरघोड़ा एवं लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र तराईमाल में स्थापित केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री जैन ने कहा कि हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने से संबंधित आवेदनों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण किया जाए। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इस अभियान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें बीएलओ की जिम्मेदारी अहम है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे तथा अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि एसआईआर कार्य की प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि दावा-आपत्तियों से संबंधित आवेदन प्रक्रिया 22 जनवरी 2026 तक संचालित की जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा, ईआरओ खरसिया श्री प्रवीण तिवारी, ईआरओ रायगढ़ श्री महेश शर्मा, ईआरओ लैलूंगा श्री भरत कौषिक, ईआरओ धरमजयगढ़ श्री प्रवीण भगत सहित संबंधित एईआरओ उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक किया गया है। इस अवधि में नाम जोड़ने हेतु फार्म-6, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 तथा नाम संशोधन अथवा स्थानांतरण हेतु फार्म-8 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। मतदाता आयोग की Voter Helpline App, ECINET App तथा अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# वन विभाग के अमले ने की अवैध ईंटें व जलाऊ लकड़ी जब्त



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अर्जुनी विभागीय टीम के निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से निर्मित ईंटों को तथा उन्हें पकाने के लिए वन क्षेत्र से लाई गई अवैध जलाऊ लकड़ी को जब्त कर पीओआर जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतर्गत वन विभाग की टीम द्वारा गिण्डोला परिवृत्त का औचक निरीक्षण के दौरान रूपसिंह पैंकरा एवं मंगलराम पैंकरा के द्वारा वनाधिकार क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर ईंटों का निर्माण किया जा रहा था, जो वनाधिकार प्रावधानों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है।उक्त प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 2 के तहत तत्काल कार्यवाही की गई। विभागीय टीम द्वारा मौके से निर्मित ईंटों को तथा उन्हें पकाने के लिए वन क्षेत्र से लाई गई अवैध जलाऊ लकड़ी को जब्त कर पीओआर जारी किया गया है। वनमंडलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन एवं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि अवैध उत्खनन जैसी गतिविधियाँ पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न करती हैं तथा वन संसाधनों को नुकसान पहुँचाती हैं। विभाग द्वारा आगे भी ऐसे मामलों पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### ग्राम भूरसुदा में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 22 जनवरी।** ग्राम भूरसुदा में छत्तीसगढ़ महतारी कि मूर्ति कि स्थापना रणबौर धाम में ग्राम वासी एवं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के द्वारा किया गया। इस बीच छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सदस्य उपस्थित थे। पदाधिकारी का कहना है कि छत्तीसगढ़ महतारी एकता और आस्था का केंद्र है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जाति के लोग शांति और समरसता के साथ रहते है इस बीच संतोष वर्मा मंशा निषाद, गंगा राम निषाद, हरीश साहू, जनपद सदस्य, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश साहू, प्रदीप साहू, अविराज साहू, राजेंद्र साहू, अमन वर्मा, पूर्णिमा साहू, सावित्री पैकरा, रोशनी साहू, गीतांजलि, कविता वर्मा, रूखमणि निषाद रीमा ग्रीतलहरे, अजय यादव, उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 29 से 31 जनवरी तक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को स्थान शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रोजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जो निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक है और मेले में शामिल होना वाहते है उनका रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु दोनो पंजीयन होना अनिवार्य है। ऐसे आवेदक जिन्होंने रोजगार पंजीयन या रोजगार मेला पजीयन नहीं किये है वे वेबसाईट https://erojgar.cg.gov.in/ या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। जो आवेदक पूर्व में अपना पंजीयन किये है तथा अपना फार्म अपूर्ण या पदों का चयन नहीं किये है वे अपने आईडी पासवर्ड के माध्यम से या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से योग्यतानुसार संबंधित पद का चयन करते हुए अपना आवेदन फार्म 29 जनवरी 2026 तक पूर्ण कर सकते है। इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र आधार कार्ड इत्यादि आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर स्वयं के व्यय से उपस्थित हो सकते है।इसमें शामिल होने के लिये किसी प्रकार मार्ग व्यय देय नहीं होंगा। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार से सम्पर्क कर सकते हैं।

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण के लिए दी कानून की जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में शासकीय, अर्द्धशासकीय, प्राइवेट संस्थानों में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण अधिनियम 2013 की धारा की जानकारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी एवं मिशन शक्ति महिला हब जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न द्वारा विशाल मेंगा मार्ट, आशीष कलेक्शन, रिलायंस के टेऊ्डस में जाकर कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण अधिनियम की जानकारी देते हुए आंतरिक शिकायत समिति का गठन करवाया गया तत्पश्चातपोर्टल पर पंजीयन कर आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों को ऑनबोर्ड किया गया। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण अधिनियम 2013 की धारा 4 अनुसार जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है।




## एक नजर

### टोयोटा ने लॉन्च की ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूजर एबेला

**रायपुर, 22 जनवरी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपनी पहली बैटरी इलेक्ट्रिक एसयूवी ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला लॉन्च करने की घोषणा की। यह कार 49 kWh और 61 kWh बैटरी विकल्पों में उपलब्ध होगी, जिसमें टॉप वेरिएंट एक बार चार्ज करने पर 543 किमी तक की रेंज देता है। अर्बन क्रूज़र एबेला में टोयोटा का सिग्नेचर हैमरहेड डिज़ाइन, प्रीमियम और विशाल केबिन, पैनोरमिक रूफ, जेबीएल साउंड सिस्टम, यूनिफाइड डिजिटल कॉकपिट और लेवल-2 ADAS जैसे एडवांस सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी 8 साल की बैटरी वारंटी, बैटरी-एज़-ए-सर्विस और 500+ BEV-रेडी सर्विस टचपॉइंट्स के साथ भरोसेमंद ओनरशिप अनुभव का दावा कर रही है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की बुकिंग 20 जनवरी 2026 से शुरू होगी, जबकि कीमतों की घोषणा जल्द की जाएगी।

### पुलिस मितान साथियों को हेलमेट और फर्स्ट ऐड किट वितरित



**रायपुर, 22 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ पुलिस मितान सम्मेलन कार्यक्रम में सहभागिता कर पुलिस मितान साथियों को हेलमेट और फर्स्ट ऐड किट वितरित किया और आयोजन में सम्मिलित समाज सेवियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 4500 पुलिस मितान को हेलमेट और प्रत्येक गांव को फर्स्ट ऐड किट दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु नए तकनीकी उपायों तथा आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं और आपातकालीन सेवाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

### निधन

#### राम विलास राठी



**तिल्दा-नेवरा, 22 जनवरी।** नगर के प्रतिष्ठित महेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित राम विलास राठी का निधन हो गया। वे कांग्रेस नेता पूर्व छात्र नेता नीरज राठी ओर निलेश राठी के पिता थे। नगर में राठी के निधन पर अनेक लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की पत्रकार नरेंद्र शर्मा एव तरुण छत्तीसगढ़ की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## अवैध धान परिवहन और भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# 655 कट्टा अवैध धान जब्त



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान के परिवहन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व, मंडी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त जांच टीम के द्वारा विभिन्न स्थानों से 655 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खरतोरा चेक पोस्ट पर जांच के दौरान दो ट्रैक्टरों से अवैध रूप से ले जाया जा रहा 250 कट्टा धान जब्त किया गया। यह धान बरौदा (रायपुर) से लाकर बलौदी खरीदी केंद्र में खपाने की तैयारी थी, जिसे जब्त कर खरतोरा समिति प्रबंधक की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। लवन तहसील के ग्राम अमलीडीह में तहसीलदार पलारी के नेतृत्व में दबिश दी गई, जहाँ व्यापारी नीलकंठ पटेल के प्रतिष्ठान से अवैध रूप से भंडारित 360 बोरी धान और 62 बोरी चावल बरामद कर गोदाम को सील कर दिया गया है। इसके अलावा, ग्राम चिखली निवासी धनेश्वर यादव के वाहन से 45 कट्टा अवैध धान जब्त कर थाना गिधपुरी के सुपुर्द किया गया। इसी कड़ी में भाटापारा ब्लॉक के ग्राम गोढ़ी में रामेश्वर यादव के पास से 12.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

## संयुक्त टीम ने किया 246 कट्टा अवैध धान जब्त



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** संयुक्त जांच टीम ने अवैध धान पर कार्यवाही करटे हुए लगभग 246 कट्टा धान जब्त किया। सोमवार को राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग के संयुक्त दल ने रायतुम से मोहदा मार्ग की ओर आते हुए दो ट्रैक्टरों को घेराबंदी कर पकड़ा, जिनमें कुल 220 कट्टा अवैध धान था। जांच में पाया गया कि उक्त धान कृषक सुरेंद्र/शिखरों के पर्ची पर खपाने की तैयारी थी। जब रोजगार सहायक और कोटवार द्वारा किसान के घर का भौतिक सत्यापन किया गया, तो वहां केवल 20 क्विंटल धान ही उपलब्ध पाया गया, जिसे किसान सुबह ही केंद्र में तौल चुका था। पकड़ा गया 220 कट्टा धान अन्यत्र स्थान से लाया जा रहा था, जिसे जब्त कर मोहदा उपार्जन केंद्र की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। इसी तरह पलारी ब्लॉक के ग्राम दतान में भी कार्रवाई करते हुए लोकनाथ सिन्हा के पास से 26 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिचौलियों और अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## एसआरएस स्टील एंड पावर लिमिटेड की जनसुनवाई हुई शांतिपूर्वक



**तिल्दा नेवरा, 22 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के द्वारा तिल्दा ब्लॉक के ग्राम कोनारी में एस आर एस स्टील एंड पावर के लिए आयोजित जनसुनवाई उमाशंकर बन्दे अपर कलेक्टर और क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी प्रकाश राबडे की उपस्थिति में हल्के फुल्के विरोध के साथ शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। आपको बता दें की आस पास गांव के ग्रामीण और जनप्रतिनिधि जनसुनवाई में शामिल हुये। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने एस आर एस स्टील एंड पावर लिमिटेड के जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से क्षेत्र का विकास, भूमि का उचित मुआवजा, नौकरी और स्वरोजगार शिक्षा और स्वास्थ सहित कई बातों - सुझावों को शांति पूर्वक रखा। एस आर एस स्टील एंड पावर के एम डी प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम कोनारी में शिव मंदिर और महामाया मंदिर के लिए ढाई ढाई लाख रूपये देने की घोसड़ा की। कम्पनी प्रबंधन की ओर से विवेक साहनी ने जनसुनवाई में पधारे सभी ग्रामीणों को कंपनी के सामाजिक सरोकारों के माध्यम से हर तरफ विकासात्मक कार्य कराने की अपनी प्रतिबद्धता की बात कही साथ ही जनसुनवाई आयोजित कराने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पर्यावरण विभाग, सभी ग्रामीणजनों तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## नगर में अवैध शराब बेचने वाले कोचिया को पुलिस ने पकड़ा

- आरोपी को अंबुजा सीमेंट संयंत्र ग्राम रवान कन्वेयर बेल्ट के पास घेराबंदी कर 32 पाव देशी मसाला शराब के साथ किया गया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।

इसी तारतम्य में आज दिनांक 20.01.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा अंबुजा सीमेंट संयंत्र ग्राम रवान कन्वेयर बेल्ट के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?3200 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम चंद्रशेखर वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खैरवारडीह थाना सिटी कोतवाली है।



## गिरौदपुरी धाम में तीन दिवसीय गुरुदर्शन मेला का आयोजन 24 फरवरी तक

# मेला आयोजन समिति की बैठक में ज्यादा सुविधाओं पर जोर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 22 जनवरी।** संत शिरोमणी गुरू घासीदास ज़ी की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल गुरू दर्शन एवं संत समागम मेला का आयोजन होगा। तीन दिवसीय भव्य मेला 22 से 24 फ़रवरी 2026 तक आयोजित होगा। राजागुरु धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में मेला आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, गुरु सोमेश बाबा, गुरू सौरभ साहेब, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता, पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने बैठक में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सम्मान में आयोजित गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने मेले में व्यवस्थाओं और सुविधाओं को पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों को समय पर पूरा कराने तथा फिल्ड पर भी तैयारी मौजूद हो इसके लिये स्पॉट निरीक्षण करने के भी सुझाव दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा अनुरूप मेला समिति की राशि 25 लाख से बढाकर 50 लाख करने तथा 50 लाख रुपये का आवंटन मेला समिति को प्राप्त होने पर समिति की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गिरौदपुरी मेला में सुविधाओं को पिछले वर्षो की तुलना में दुगुना किया गया है। विगत वर्ष भी बेहतर ढंग से मेला सम्पन्न हुआ था। इस बार पिछले वर्ष की कुछ कमियों को दुरुस्त कर लिया जाए। उन्होंने जैतखाम में सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने कहा ताकि जैतखाम की सुरक्षा ब्यास्था पुख्ता रहे।

बैठक का संचालन कर रहे कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि इस वर्ष मेले के लिए कसडोल एसडीएम आर.आर. दुबे को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य स्तर से लगभग 26प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की तैयारी जा रही है। सभी सम्बधित विभागों को मेला की तैयारी हेतु जिम्मेदारी दी गई है।श् मेला स्थल पर जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए 30 लाख, 8 लाख और 75 हजार लीटर क्षमता के टंकियां हैं। मंदिर परिसर, महराजी, छाता पहाड़ और पंचकुंडीय स्थानों पर पृथक से पेयजल टंकियों की व्यवस्था की गई है। इस बार मेला परिसर में 250 टेप नल, 30 टैंकर, 100 स्नानघर एवं शौचालय, 20 चलित शौचालय, 10 जनरेटर, 24 घण्टे सफाई व्यवस्था हेतु लगभग 400 कर्मचारी एवं स्वच्छग्रही, 80 स्थायी शौचालय, 24 घण्टे मेडिकल टीम, मेला परिसर में 7 स्थानों पर 24 घण्टे चिकित्सा शिविर, 10 एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गिरौदपुरी में 6 बेड भी तैयार रहेगा।सीएचसी कसडोल को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है।मेला परिसर और आसपास10 किलोमीटर की परिधि में मांस-मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी।मेला में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिये बड़े होर्डिंगस लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पिछले वर्ष के वेब साईट को सक्रिय किया जाएगा एवं बार कोड भी होगा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि मेले के दौरान तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी जिसमें लगभग 1182 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।30 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। सीसीटीवी कैमरा पिछले वर्ष से अधिक होगी। मुख्य कंट्रोल रूम के अलावा 4 अन्य कंट्रोल रूम बनाए जायेंगे। उन्होने बताया कि मेला के दौरान पुलिस हेल्पलाईन नंबर 94792-20392 सक्रिय रहेगा जिस पर शिकायत की जा सकती है।सात जगहों पर दमकल वाहन तैनात किए जाएंगे। ट्रेफिक्र व्यवस्था हेतु पर्याप्त टीम लगाई जाएगी।

बैठक में मेला आयोजन समिति के सदस्य सहित सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन एवं विभागीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्र. 01 से 03 हेतु दिनांक 03.02.2026 एवं सरल क्रं. 04 से 05 हेतु दिनांक 09.02.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 477 | मोपका से सीपत रोड (पंधी चौक और जांजीबस स्टैंड) पर ब्लैक स्पॉट और मोपका से सीपत रोड (मटियारी, पंधी और जांजी चौक) पर ग्रे स्पॉट में सड़क चौड़ीकरण, यातायात चिह्न और सड़क चिह्नीकरण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-6485** | 126.51 |
| 2 | 478 | बिलासपुर उपसंभाग कोनी के बिलासपुर रतनपुर फोर लेन रोड, सिंघरी लखराम रोड, चांटीडीह-खमतराई बैमा नंगोई पौंसरा रोड कोनी मोपका बायपास रोड और रतनपुर-कोटा रोड के विभिन्न स्थानों में टी-जंक्शन और एक्स-जंक्शन पर सड़क सुरक्षा कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-6485** | 170.70 |
| 3 | 479 | डिंडौरी चि. से दामापुर मार्ग लंबाई 0.85 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, मुंगेली। मद संख्या 24-5054-1222** | 87.82 |
| 4 | 480 | शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र नगोई बिलासपुर में नाली, परिसर, शेड समतलीकरण, **अतिरिक्त शेड 50 क्लोर, गोडाउन, 02 नग बोर, सेंदरी** प्रखण्ड में पहुंच मार्ग एवं चैन लिक्ड फेसिंग का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर । मद संख्या 8443 (जमा मद)** | 120.95 |
| 5 | 481 | मुंगेली उपसंभाग अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण पथरिया का मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग, मुंगेली। मद संख्या - 8443 (जमा मद)** | 14.46 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

जी-252606187/9

## एक नजर

### जादू टोने का अस्तित्व नहीं: दिनेश मिश्र

**रायपुर, 22 जनवरी।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने अभनपुर थनौद,में ग्रामीणों एवम शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा देश में अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के कारण अक्सर अनेक निर्दोष लोगों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है,जिससे निदान के लिए आम जन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास की अत्यंत आवश्यकता है. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कुछ लोग अंधविश्वास के कारण हमेंशा शुभ-अशुभ के फेर में पड़े रहते है। यह सब हमारे मन का भ्रम है। शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर ही है। किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाये, मेहनत, ईमानदारी से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं व कुरीतियां अभी भी जड़े जमायी हुई है जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि व बाल विवाह जैसी परंपराएं व अंधविश्वास आज भी वजूद में है। जिससे प्रतिवर्ष अनेक मासूम जिन्दगियां तबाह हो रही है।



### राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 28 से

**रायपुर, 22 जनवरी।** राजधानी में राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 28 जनवरी से प्रारंभ होगी। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य सभी दिव्यांग जनों के साथ में छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारना है जो आगे चल कर देश व राजधानी सहित प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर वर्ग की प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित हो रही है। लांग जंप ऊंची कूद तवा फेंक गोला फेंक भाला फेंक सहित अन्य खेल का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांग जन के खेल के प्रति उत्साह को देखते हुए इस का आयोजन किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं 50 अटेंडर टीम मैनेजर 50 ऑफिशियल कोच वालेंटियर सहित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे एवं उन सभी जो इस प्रतियोगिता में शामिल लोगो के ठहरने एवं भोजन सहित सारी व्यवस्था भी आयोजन परिवार द्वारा की गई है।

### एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा 24 से

**रायपुर, 22 जनवरी।** भारत के प्रमुख हिंदी मूवी चैनलों में से एक और ब्लॉकबस्टर प्रोग्रामिंग का पावरहाउस सोनी मैक्स इस कैटेगरी में अपनी लीडरशिप को लगातार मजबूत कर रहा है। आइकॉनिक सिनेमा और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक कहानी कहने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, चैनल शनिवार, 24 जनवरी को रात 8 बजे पहली बार टेलीविजन पर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा का प्रीमियर करने जा रहा है। डायरेक्टर अश्विन कुमार ने कहा, महावतार नरसिम्हा जैसी एनिमेटेड फिल्म के लिए, किरदारों को जीवंत करने में वॉइस परफॉर्मेंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### आबकारी विभाग में 85 उपनिरीक्षकों का नियुक्ति आदेश निरस्त

**रायपुर, 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में नव नियुक्त उप निरीक्षकों को बड़ा झटका लगा है. 24 घंटे पहले इस पद पर की गई नियुक्ति का आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है. कार्यालय आबकारी आयुक्त ने निरस्तिकरण आदेश जारी करते हुए बताया कि 21 जनवरी को जारी किए गए नियुक्ति आदेश को तकनीकी कारणों से निरस्त किया गया है. बता दें, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2024 की चयन सूची के तहत 85 अभ्यर्थियों को आबकारी उप निरीक्षक पद पर नियुक्ती दी गई थी. लेकिन नियुक्ति आदेश जारी होने के दूसरे दिन ही आज आबकारी आयुक्त के आदेश पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई है.

### स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रायपुर, 22 जनवरी।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) के मध्य 3-3 फेरों के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-शालीमार स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से दिनाँक 26 जनवरी तथा 02 व 09 फरवरी 2026 प्रत्येक सोमवार को तथा गाड़ी संख्या 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्पेशल ट्रेन शालीमार से 27 जनवरी तथा 03 व 10 फरवरी 2026 प्रत्येक मंगलवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दोनों दिशाओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ी हास्य कवि सम्मेलन आज

**रायपुर, 22 जनवरी।** सरस्वती क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में छ.ग. हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि 7.00 बजे से छत्तीसगढ़ी हास्य कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से डॉ. मन्नू लाल यदु , यशवंत यदु, मिनेश साहू, रिक्की बिंदास (वीर रस), राजू छत्तीसगढ़िया, सुमन शर्मा बाजपेयी, उत्तम देवहरे से होंगे। 23 जनवरी को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर सरस्वती जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है, इस अवसर पर सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. गीतेश अमरोही, बी.पी.टी.एम.पी.टी. न्यूरो, डॉ. सुमीत पर्वत, डेंटल सर्जन, डॉ. ललित कुमार कल्यारी, एम.बी.बी.एस. (बी.आई.ओ.) सामान्य चिकित्सा, डॉ. आनंद प्रताप सिंह, आयुर्वेदाचार्य, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. सुरेन्द्र जायसवाल जनरल फिजिशियन, डॉ. रवि गोयल दंत विशेषज्ञ मुख्य रूप से उपरोक्त डॉक्टर नि:शुल्क सेवा देंगे।

# बस्तर में लोकतंत्र बोल रहा है : गृहमंत्री शर्मा



**रायपुर, 22 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के लिए बस्तर में विशेष तैयारी की जा रही है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन के जरिए बस्तर में बदल रहे माहौल का जिक्र करते हुए कहा कि अब लोग खुलकर हंसने लगे हैं. सुदूर अंचलों में समूह में आकर लोग अपनी बात रखने लगे हैं. बस्तर में लोकतंत्र बोल रहा है. इस गणतंत्र में सारे ही गांव वाले उत्साह के साथ शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बिलासपुर में ध्वजारोहण करने पर कहा कि मुख्यमंत्री ने अच्छी प्रथा शुरू की है. सारे संभाग मुख्यालयों में जाकर ध्वजारोहण का काम अच्छा है. कांग्रेस में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का मामले में तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को देखकर सीखना चाहिए, इसमें गलत नहीं है. भाजपा के संगठन की ताकत सभी को समझ में आती है. राष्ट्रवाद कैसे लोगों के मन पर आए यह ध्यान देना चाहिए. राष्ट्रवाद की दिशा में हम से ज्यादा सीखते हैं, तो वंदनीय हैं.

**गांवों में होगा उल्लास मेले का आयोजन**

बता दें कि बस्तर जिले में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व केवल ध्वजारोहण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इस दिन पूरा जिला साक्षरता के एक नए उत्सव का गवाह बनेगा. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन को धरातल पर उतारने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन जिले के प्रत्येक गांव में 'उल्लास मेला' का आयोजन करने जा रहा है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं. गांवों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और कोटवारों कर्मचारी शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बनाकर गांवों में सर्वे करेंगे और उल्लास मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस लाभ से वंचित न रहे.

## हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया की डायरी वायरल, पुलिस प्रशासन में हड़कंप

रायपुर, 22 जनवरी। राजधानी रायपुर में हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुकेश बनिया की कथित डायरी वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस पूरे मामले का सबसे पहले खुलासा आरटीआई कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने किया, जिन्होंने डायरी से जुड़ी जानकारी और चैट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। इसके बाद यह मामला आग की तरह फैल गया और शहर में हंगामा मच गया।

कुणाल शुक्ला द्वारा साझा की गई पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर लगातार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और लोग पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। वायरल सामग्री में मुकेश बनिया द्वारा कथित रूप से पुलिस अधिकारियों, पत्रकारों और अन्य प्रभावशाली लोगों को दी गई प्रोटेक्शन मनी का पूरा लेखा-जोखा दर्ज होने का दावा किया गया है।

**डायरी में दर्ज हैं गंभीर आरोप**

डायरी के पन्नों में महीनेवार, तारीखवार और नामवार भुगतान का विवरण होने का दावा किया जा रहा है। इसमें यह भी लिखा बताया गया है कि किन-किन लोगों को कितनी राशि दी गई, किन मामलों को दबाने के लिए भुगतान हुआ और अवैध धंधों से होने वाली आमदनी का ब्योरा क्या था। इस मामले को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। विपक्ष ने इसे सरकार और पुलिस प्रशासन की विफलता बताते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की है।


# मुख्यमंत्री साय ने किया 'राडा ऑटो एक्सपो' का शुभारंभ



**रायपुर, 22 जनवरी।** राजधानी रायपुर के राम बिजनेस पार्क में बुधवार को रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का भव्य शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। उन्होंने राडा ऑटो एक्सपो के भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, परिवाहन मंत्री केदार कश्यप की मौजूदगी रही। साथ ही राज्य के ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

इस मौके पर राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, फाडा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन मनीष राज सिंघानिया, फाडा के पूर्व स्टेट चेयरमैन अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह, फाडा के स्टेट चेयरमैन विवेक गर्ग समेत डीलर्स और राडा के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर अपने संबोधन में वित्त मंत्री चौधरी, उपमुख्मंत्री साव, परिवहन मंत्री कश्यप ने राडा को भव्य आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा हर दौर में छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल सेक्टर रिकॉर्ड अच्छा रहा है। एक ही दिन में 2 हजार से ज्यादा वाहनों की डिलीवरी पर मंत्रियों ने खुशी ज़ाहिर की।

## पानी से दवा तक सब कुछ जहरीला : तिवारी



**रायपुर, 22 जनवरी।** इडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने आज देशभर में फैल चुके पानी, हवा, भोजन, दवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के ज़हरीले संकट को लेकर बयान जारी करते हुए जीवन सत्याग्रह – ज़हर नहीं, जीवन चाहिए नामक राष्ट्रीय जनआंदोलन की घोषणा की। डॉ. तिवारी ने कहा कि भारत आज उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ नागरिक धीरे-धीरे मारे जा रहे हैं, लेकिन इस पर न सरकारें बोल रही हैं, न मीडिया और न ही सिस्टम। उन्होंने कहा, हम जिस पानी को पीते हैं वह ज़हर है, जिस हवा में सांस लेते हैं वह ज़हरीली है, जो खाना खाते हैं वह बीमारी है, जो दवा लेते हैं वह व्यापार है और जो शिक्षा मिलती है वह बेरोज़गारी पैदा कर रही है। यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं – यह कॉरपोरेट-सरकार गठजोड़ द्वारा रची गई साज़िश है।

# सरकार धान खरीदी की तिथि कम से कम 1 माह बढ़ाये : बैज



**रायपुर, 22 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सरकार और भाजपा को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने धान खरीदी की तिथि बढ़ाने, धान खरीदी में भ्रष्टाचार, मनरेगा, जमीनों की गाईडलाईन की दरों तथा शंकराचार्य के अपमान को लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा किया।

धान खरीदी में अब एक हफ्ते का समय शेष है। सरकार ने धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी घोषित किया है। उसमें सिर्फ9 दिन बचे है। उसमें भी 4 दिन अवकाश रहेगा (24, 25, 26, 31 जनवरी) को छुट्टियां है। सिर्फ 5 दिन और खरीदी होगी। सरकार ने ऑनलाइन टोकन काटना बंद कर दिया है। आफ लाइन भी टोकन नहीं काटा जा रहा है। अभी तक 5.5 लाख किसान धान नहीं बेच पाये है। लगभग 4.7 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। अभी तक मात्र 115 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है कुल लक्ष्य 165 लाख मीट्रिक टन है। पांच दिन में 50 लाख टन की खरीदी संभव नहीं, अतः लक्ष्य की प्राप्ति के लिये भी तिथि बढ़ाया जाना आवश्यक है। अभी सरकार के ही द्वारा तय लक्ष्य का 30 प्रतिशत खरीदी बाकी है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि धान खरीदी की तिथि 1 माह बढाई जाये। ऑनलाइन टोकन काटने की बंद प्रक्रिया फिर शुरू की जाए तथा सभी सोसायटियों में आफलाइन टोकन देना भी शुरू किया जाये। सरकार यह सुनिश्चित करें कि प्रदेश के हर किसान का दाना-दाना धान सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी की जायेगी। किसानों को धान बेचने से रोकने बिना सहमति जबरिया रकबा सरेंडर करवा दिया गया। पूर्व से जारी टोकन को निरस्त करवाया गया। हजारो किसान सरकार के इस षडयंत्र का शिकार हुये।

**सरकार किसानों का पूरा भुगतान नहीं कर रही**

सरकार किसानों को धान की पूरी कीमत नहीं दे रही है। भाजपा ने 2023 में वादा किया था कि किसानों को 3100 रू. प्रति क्विंटल में धान खरीदेगी। भाजपा की सरकार बनने के बाद दो सालों में धान के समर्थन मूल्य में 186 रू. की बढ़ोत्तरी हुई। भाजपा सरकार किसानों को इस बढ़ोत्तरी को जोड़कर 3286 रू. में भुगतान करें। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से सरकार प्रति एकड़ किसानों को 3906 रू. भी नहीं दे रही है। इस तरह से लगभग 6500 करोड़ छत्तीसगढ़ के किसानों के हक का नहीं दे रही है यह सरकार।

**धान खरीदी सरकार के भ्रष्टाचार का बड़ा माध्यम बना है**

समर्थन मूल्य में उपार्जित धान की सुरक्षा और रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होता है, राज्य गठन के बाद से आज तक इतनी अव्यवस्था और बदइंतजामी कभी नहीं रही जो इस सरकार की उपेक्षा और भ्रष्टाचार से एक हजार 37 करोड़ 55 लाख का नुकसान एक ही साल की खरीदी में हो चुका है, रोज रोज नए नए मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। पिछले वर्ष के धान का निराकरण सरकार नहीं कर पाई है। धान संग्रहण केन्द्रों में पड़े-पड़े सड़ रहे है, भीग गया, चूहे खा रहे, दीमक लग कर खराब हो गया। प्रदेश के अनेको संग्रहण केन्द्रों में सड़े हुये धान का भंडारण दिख जायेगा।

## रविवि शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**रायपुर, 22 जनवरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के शिक्षक संघ की आमसभा की बैठक मंगलवार 20 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय के सर सी. वी. रमन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया मनोनयन/निर्वाचन अधिकारी प्रो. ए. के. श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुई।



जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रो. जीतेंद्र कुमार प्रेमी को शिक्षक संघ का अध्यक्ष चुना गया है। वे मानव विज्ञान अध्ययनशाला के प्राध्यापक हैं। वहीं प्रो. कमलेश कुमार शुक्ल को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में प्राध्यापक हैं। इसके अतिरिक्त प्रो. हेमलता बोरकर वासनिक को भी उपाध्यक्ष के रूप में दायित्व दिया गया है, जो समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला से जुड़ी हैं। शिक्षक संघ के सचिव पद पर प्रो. गोपाल कृष्ण देशमुख का निर्वाचन हुआ है। वे प्रबंध अध्ययन संस्थान में प्राध्यापक एवं अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।

# राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा का उद्घाटन



**रायपुर, 22 जनवरी।** गांधी चौक , स्थित महन्त कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय का महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि डॉक्टर वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण अधिकार आयोग, ने कहा कि शतरंज का खेल बुद्धि का खेल है इसमें एकाग्रता बहुत जरूरी होती है उन्होंने कहा इसी एकाग्रता से जीवन में सक्रियता बनती है उनका कहना था कि यह खेल कुशल रणनीतिकार बनने में मदद करता है जो हारेगा वह नई सीख लेकर जाएगा इस खेल को सद्भावना से खेलना चाहिए क्योंकि जीवन में ब्लैक एंड व्हाइट दोनों हिस्से होते हैं महाविद्यालय के संदर्भ में डॉ वर्णिका शर्मा ने कहा कि यह कॉलेज समृद्ध कॉलेज है निरंतर गतिविधियां चलती रहती हैं इसका पूरा श्रेय महाविद्यालय संचालन समिति को जाता है आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अजय तिवारी ने कहा की बुद्धि और चातुर्य का खेल है।

## रायपुर में कंटेनर ने डंपर को मारी टक्कर

**रायपुर, 22 जनवरी।** राजधानी रायपुर के रिंग रोड नंबर 1 पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मैग्नेटो मॉल के सामने तेज रफ्तार कंटेनर ने डंपर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भारी वाहन सड़क के बीचों-बीच पलटते हुए खड़े हो गए, जिससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा। यह पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। हादसा देर रात उस समय हुआ, जब रिंग रोड पर ट्रैफिक अपेक्षाकृत कम था। डंपर रिंग रोड से गुजर रहा था, तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने अचानक संतुलन खो दिया और सीधे डंपर में जा भिड़ा। टक्कर के बाद कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कंटेनर चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए।




# हड़ताली चिकित्सा विद्यार्थियों ने डेंटल कॉलेज में जड़ दिया ताला



**रायपुर, 22 जनवरी।** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज के UG-PG छात्रों ने आज गेट पर ताला लगा दिया है. स्थिति को देखते हुए चर्चा के लिए मौके पर एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे हैं. लेकिन अधिकारियों की समझाइश के बाद भी छात्र अपनी मांगों पर अड़े हैं. मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन जबरन ताला खुलवा सकता है, जिसके लिए पुलिस बल बुलवाया गया है.

दरअसल, डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपनी तीन मांगों को लेकर बीते सात दिनों से हड़ताल पर हैं. इसमें स्नातकोत्तर छात्रों एवं इंटर्न्स के स्टाइपेंड में समानता के साथ वृद्धि, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में दंत चिकित्सा पेशेवरों को समान मान्यता एवं सम्मान के साथ मूलभूत छात्र कल्याण एवं अधोसंरचना से संबंधित समस्याओं का निराकरण शामिल है.

हड़ताल की वजह से मरीजों के साथ कॉलेज में कार्यरत डॉक्टर और स्टाफको हो रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने आज कमर कस ली है. इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारी पुलिस बल के साथ कॉलेज पहुंचे हैं. प्रदर्शन पर बैठे छात्र-छात्राओं को मनाने का दौर जारी हैं. लेकिन गतिरोध नहीं टूटने की स्थिति में बल के प्रयोग की भी आशंका बनी हुई है.

**प्रतियोगिता** | **अस्मिता वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस लीग का समापन**

# छग सहित गोवा, गुजरात, मप्र के 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा




**रायपुर, 22 जनवरी।** छग अमेच्योर सॉफ्ट टेनिस संघ द्वारा 18-21 जनवरी कों व्ही आई पी क्लब शंकर नगर में अस्मिता वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस लीग का आयोजन किया गया है स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, खेलो इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट का समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुरन्दर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर ने विजेताओं कों पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिता आकाश दुबे एम आई सी महिला बाल विकास, शताब्दी पांडे प्रवक्ता भाजपा,छ्ग अमेच्योर सॉफ्ट टेनिस के अध्यक्ष अनिल पुसदकर, संगठन सचिव प्रमोद सिंह ठाकुर, मप्र से आये ऑफिसियल गौरव कदम, प्रीति पवार, सहित रविशंकर धनगर, वार्षिष्ठ कोच संजय शुक्ला, एवं उमेश सिंह ठाकुर, डॉ रिंकू तिवारी, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस प्रतियोगिता में गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, सहित छत्तीसगढ़ की टीमों के लगभग 200 महिला खिलाड़ी हिस्सा लिया अंतिम परिणाम इस प्रकार है।

बालिका अंडर 15 सिंगल्स ध्वनि नगमाते गुजरात विजेताओं, भक्ति छिरसागर मप्र उपविजेता एवं तीसरे स्थान पर मैथिलि मप्र एवं नंदिनी छ्ग रहीं। इसी वर्ग के डबल्स में कनक एवं ध्वनि गुजरात विजेता, मैथिलि एवं मनुस्मृति मप्र उपविजेता, एवं तीसरे स्थान नंदिनी एवं दित्या गुजरात एवं वर्शा एवं प्रेरणा छ्ग रहे। बालिका अंडर 18 वर्ग सिंगल्स में छ्ग की चंचल सारथी विजेता रहीं मप्र की चरवी सिंह उपविजेता एवं तीसरे स्थान पर प्रियंबदा मप्र एवं रिया छ्ग रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26